CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

छत्तीसगढ़ टाईल्स सेनेटरी एवं डोर हाऊस



हमारे यहां ब्लैक स्टोन, सिरेमिक टाईल्स, विटी फाईड टाईल्स, सिनेटरी वियर, CP वियर, CPVC पाईप, UPVC यूपीवीसी पाईप, माइका डोर, लेमिनेशन डोर, सागोन डोर, वालपेपर, ग्रेनाईट एवं सभी प्रकार के बिल्डिंग मटेरियल की सामग्री उपलब्ध है।

स्थान- नंदई रोड वार्ड नं.-40, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो. नं.- 99077-57733, 99074-83037

वर्ष- 44 | अंक -17 | राजनांदगांव, मंगलवार 03 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# छत्तीसगढ़ में जनता चुनेगी महापौर, साय कैबिनेट ने भूपेश सरकार का बनाया नियम पलटा

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकायों के चुनावों में बड़ा बदलाव करने का निर्णय लिया है। कैबिनेट की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के नगर पालिक निगमों के महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का निर्वाचन अब प्रत्यक्ष रूप से कराया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 (संशोधन) अध्यादेश 2024 और छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (संशोधन) अध्यादेश 2024 में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। इन संशोधनों में प्रत्यक्ष निर्वाचन और आरक्षण से संबंधित प्रावधानों का समावेश किया जाएगा।



### जनता चुनेगी महापौर, भूपेश सरकार नियम पलटा

अब नगर पंचायत, नगरपालिकाओं और नगर निगमों में महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से जनता द्वारा किया जाएगा। भूपेश बघेल सरकार ने 2019 में महापौर और नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के माध्यम से कराने का नियम लागू किया था, जिससे विपक्षी भाजपा ने तीव्र विरोध किया था।

### 2019 में भूपेश सरकार ने बदला था नियम

यह कदम राज्य में पिछले कुछ वर्षों से चल रहे अप्रत्यक्ष निर्वाचन के मुकाबले एक बड़ा बदलाव होगा। दरअसल, अविभाजित मध्य प्रदेश में 1999 तक नगर निगमों के महापौर और नगर पालिकाओं के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होता था। लेकिन उसके बाद, तत्कालीन सरकार ने महापौर और अध्यक्ष के चुनाव को अप्रत्यक्ष रूप से कराने का निर्णय लिया था। इसे 12 दिसंबर 2019 को राजपत्र में अधिसूचित किया गया था। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता दो वोट देंगे, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### इसके अलावा बड़े निर्णय लिए गए हैं उनमें

0 नगर निकाय और पंचायतों में ओबीसी के आरक्षण के लिए कमेटी के रिपोर्ट के आधार पर मिलेगा आरक्षण।
0 पीडीएस के तहत चना वितरण के लिए ई ऑक्शन से की जाएगी चना।
0 5 रुपए किलो के दर से 2 किलो चना प्रति माह प्रदान किया जाता है।
0 प्रति वर्ष 72 हजार टन चना का वितरण किया जाता है।
0 पर्यटन को बढ़ावा देने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया।
0 पर्यटन के क्षेत्र में बढ़वा देने सरकार ने किया बड़ा निर्णय।

# 'लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए', विरोध प्रदर्शन पर सुप्रीम कोर्ट की किसान नेताओं को हिदायत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और अन्य किसान नेताओं से कहा कि विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने किसान नेताओं से कहा कि 'वे प्रदर्शनकारी किसानों को राजमार्गों को बाधित न करने और लोगों को असुविधा न पहुंचाने के लिए मनाएं।' दरअसल किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की सदस्यता वाली पीठ ने सुनवाई की।

### लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध का अधिकार, लेकिन.

पीठ ने कहा कि 'हमने देखा कि उन्हें (डल्लेवाल) रिहा कर दिया गया है और उन्होंने शनिवार को एक साथी प्रदर्शनकारी को भी आमरण अनशन समाप्त करने के लिए राजी किया है'।

पीठ ने कहा कि किसानों द्वारा उठाए गए मुद्दों को अदालत ने नोट कर लिया है और इन पर विचार किया जा रहा है। पीठ ने याचिकाकर्ता डल्लेवाल की वकील से कहा कि 'लोकतांत्रिक व्यवस्था में आप शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, लेकिन इससे लोगों को असुविधा नहीं होनी चाहिए। किसानों का विरोध सही या गलत, हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं।' जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि 'डल्लेवाल प्रदर्शनकारियों को कानून के तहत शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के लिए राजी कर सकते हैं ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो।' पीठ ने कहा कि इस समय वे डल्लेवाल की याचिका पर विचार नहीं कर रही है, लेकिन वे बाद में संपर्क कर सकते हैं।

### खनौरी बॉर्डर पर डटे हैं किसान

उल्लेखनीय है कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 26 नवंबर से पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन शुरू किया था। हालांकि आमरण अनशन शुरू करने के कुछ घंटे बाद ही पुलिस ने उन्हें धरना स्थल से जबरन हटा दिया और लुधियाना के अस्पताल में भर्ती करा दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गांव से लौटने के बाद शिंदे ने रद की सभी बैठकें, उधर अजित पवार दिल्ली रवाना; महाराष्ट्र में सरकार गठन की हलचल तेज

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के 10 दिन बाद अब नई सरकार के गठन की हलचल तेज हो गई है। बुधवार को दो केंद्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद महायुति के तीनों दल राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। पांच दिसंबर को शाम पांच बजे नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा।



### भाजपा ने अभी नहीं चुना विधायक दल का नेता

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को ही आ गए थे। मगर सबसे ज्यादा 132 सीटें जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी की ओर से अभी तक विधायक दल का नेता नहीं चुना जा सका है। इसके कारण सरकार गठन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। सरकार गठन में हो रही देरी के कारण विपक्ष भी हमलावर होने लगा है।

### उद्धव ने की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

राकांपा (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार इसे जनादेश का अपमान बता चुके हैं तो आज शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर दी है। मगर इसी बीच भाजपा नेतृत्व ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में मुंबई भेजने का फैसला किया है।

### देवेंद्र फडणवीस का नाम तय!

प्रदेश भाजपा के सूत्रों के अनुसार चार दिसंबर को सुबह 10 बजे विधानभवन के सेंट्रल हाल में केंद्रीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा, जो महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में पांच दिसंबर को शपथ लेगा। अभी तक मुख्यमंत्री के नाम की औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। मगर भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि इस पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम तय है।

### शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां तेज

देवेंद्र 2014 से 2019 तक मुख्यमंत्री और जून 2022 से नवंबर 2024 तक उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले व वरिष्ठ नेता (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सिगरेट और तंबाकू लेने वालों को लगने वाला है झटका, जीएसटी में होगा इजाफा; रेडीमेड गारमेंट्स पर भी बदलेगी दरें

नई दिल्ली। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह (जीओएम) ने सोमवार को कार्बोनेटेड पेय पदार्थों, सिगरेट, तंबाकू और इससे संबंधित हानिकारिक उत्पादों पर कर की मौजूदा दर 28 प्रतिशत को बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का फैसला किया। हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला जीएसटी काउंसिल को लेना है।



### रेडीमेड गारमेंट्स पर भी बदलेगी दरें

एक अधिकारी ने बताया कि बिहार के उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता वाले जीओएम ने अपैरल पर भी कर की दरों को तर्कसंगत बनाने का फैसला किया है। जीओएम के फैसले के अनुसार, अब 1,500 रुपये तक के रेडीमेड गारमेंट्स पर पांच प्रतिशत, 1,500 से 10 हजार रुपये तक के रेडीमेड गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत और 10 हजार से अधिक मूल्य वाले गारमेंट्स पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

### 148 वस्तुओं पर कर की दरों में हो सकता बदलाव

अधिकारी ने बताया कि मंत्रिसमूह कुल 148 वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव का प्रस्ताव देगा। इसका शुद्ध राजस्व प्रभाव सकारात्मक होगा। मंत्रिसमूह की रिपोर्ट पर 21 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। करों में बदलाव को लेकर अंतिम फैसला जीएसटी काउंसिल को ही लेना है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रखे कई अहम सुझाव



रायपुर। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी जीएसटी परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे हैं। जहां नई दिल्ली के मध्य प्रदेश भवन में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर गहन चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री की अध्यक्षता में विभिन्न राज्यों के वित्त मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। जीएसटी परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी और वित्त सचिव मुकेश बंसल की उपस्थिति भी महत्वपूर्ण रही। मंत्री समूह में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल के सदस्य शामिल हैं। यह समूह जीएसटी प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाने के लिए सुझाव देगा। तस्ज्ञ परिषद, जो देश में अप्रत्यक्ष कराधान के समन्वय और एकरूपता के लिए जिम्मेदार संवैधानिक निकाय है, इस विषय पर अंतिम निर्णय लेगी।

# बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री को मिली जान से मारने की धमकी, संभल के हरिहर मंदिर पर दिया था बयान

छतरपुर। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री को इंटरनेट मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई है। पंजाब का कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कहा रहा है कि धीरेंद्र शास्त्री की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्हें मार डालेंगे। परवाना ने पंडित शास्त्री को पंजाब आने तक की चुनौती दे डाली।



बताया जाता है कि पं. धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के दौरा संभल मामले को लेकर हरिहर मंदिर के संबंध में बयान दिया था, जिसे पंजाब के कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब से जोड़ दिया। वीडियो के अनुसार परवाना ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को पंजाब आने तक की चुनौती दी। पंजाब के कपूरथला जिले के कादराबाद गांव में 26 नवंबर से 30 तक पांच दिन का समागम था। इसी समागम में भरे मंच से कट्टरपंथी बरजिंदर परवाना ने धमकी दी है। वीडियो में परवाना को कहते सुना जा सकता है कि बागेश्वर धाम के साधु ने कहा है कि वह जो श्री हरमंदिर साहिब है, वहां पूजा करेंगे और मंदिर बनाएंगे, जबकि धीरेंद्र शास्त्री का बयान श्री हरमंदिर साहिब के संबंध में नहीं था। उनका बयान संभल के हरिहर मंदिर पर था।

### परवाना को गिरफ्तार करने की उठी मांग

वीडियो सामने आन के बाद धीरेंद्र शास्त्री के समर्थन में भी इंटरनेट मीडिया पर बयानबाजी हो रही है। इसमें एंटी टेररिस्ट फ्रेंड इंडिया और विश्व हिंदू तख्त प्रमुख वीरेंद्र शांडिल्य ने बरजिंदर परवाना को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने पंजाब और हरियाणा के डीजीपी को शिकायत भेजकर आरोप लगाया कि परवाना ने हिंदू-सिख भाईचारे को तोड़ने की साजिश की है। पं. धीरेंद्र शास्त्री इन दिनों शिवपुरी में कथा कह रहे हैं।

# सीएम साय की बड़ी घोषणा : गौशालाओं की अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी, चारे के लिए अब 25 की जगह मिलेंगे 35 रुपये

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोमवार को राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जहां उन्होंने गौ शाला को मिलने वाले अनुदान राशि में बढ़ोत्तरी का ऐलान किया है। गायों के चारे के लिए 25 रुपये की जगह 35 रुपये देने का ऐलान किया है।



इस दौरान डिप्टी सीएम विजय शर्मा और डिप्टी सीएम अरुण साव भी मौजूद थे। विशेषर सिंह पटेल को वैदिक मंत्रोंपच्चार के साथ नया अध्यक्ष बनाया गया है।

गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की करेंगे हर संभव कोशिश- अध्यक्ष

अपने पदभार ग्रहण करने के बाद विशेषर सिंह पटेल ने कहा कि, गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की हर संभव कोशिश करेंगे। क्योंकि राज्य, समाज, जनता की खुशी, गौ माता के खुशहाली से ही संभव है। हमारी कोशिश होगी राज्य में गौ शालाओं का विकास हो, गौ शाला को मिल रहे अनुदान में वृद्धि हो. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मंगलवार से संसद के सुचारु रूप से चलने की उम्मीद

नयी दिल्ली। सरकार और विपक्ष के बीच सोमवार को संसद के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने को लेकर सहमति बन गई है और मंगलवार को पहला विधेयक पारित होने की संभावना है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में सदन में आज सभी दलों के नेताओं की बैठक में यह सहमति बनी। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संवाददाताओं से कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के साथ सदन में सभी दलों के नेताओं की बैठक हुई है। कुछ दिनों से संसद में गतिरोध बना हुआ है, सभी ने इस पर अपनी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा, हमने भी कहा कि भारत की संसद में सभी निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी बात रखने आते हैं और कई दिनों तक संसद का न चलना अच्छा नहीं है। विपक्ष की ओर से पहले भी कई मांगें की जा चुकी हैं। कार्य मंत्रणा समिति में संविधान पर चर्चा कराने का प्रस्ताव रखा गया। सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया है। आगामी 13-14 दिसंबर को हम संविधान पर चर्चा करेंगे। 16-17 दिसंबर को राज्यसभा में भी चर्चा होगी। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर कोई कोई मुद्दा उठाना चाहता है तो इसके लिए नियम है। आप इसके लिए नोटिस दे सकते हैं लेकिन संसद में हंगामा करना और कामकाज में बाधा डालना सही नहीं है। यह सभी ने स्वीकार कर लिया है। श्री रिजीजू ने कहा कि यह अच्छा है कि सभी की सहमति से सदनों में कल से चर्चा होगी। हम कल लोकसभा में चर्चा के बाद पहला विधेयक पारित करेंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पूर्व डिप्टी सीएम को गुरुद्वारे में धोने होंगे जूठे बर्तन, साफ करना होगा बाथरूम; अकाल तख्त ने सुनाई सजा

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में सोमवार (2 दिसंबर) को अकाल तख्त साहिब ने डेरा सच्चा सौदा सिरसा के प्रमुख राम रहीम को माफी और बेअदबी के मामले में पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर सिंह बादल को सजा सुनाई है। सजा के तौर पर सुखबीर बादल को एक घंटा बाथरूम साफ करना होगा। इसके बाद लंगर घर में जाकर जूठे बर्तन भी धोने होंगे। दोनों कामों को करने के बाद कीर्तन सुनना होगा। साथ ही श्री सुखमणि साहिब का पाठ करना होगा। रघबीर ने पूर्व सीएम स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल से 'फक्र ए कौम' सम्मान वापस लेने का भी ऐलान कर दिया है।



### जत्थेदार ने सजा के दौरान क्या कहा?

जत्थेदार रघबीर सिंह ने सजा सुनाने के दौरान कहा कि सुखबीर सिंह बादल को चोट है, जिसके चलते श्री दरबार साहिब (गोल्डन टेंपल) के घंटाघर के बाहर उनको ड्यूटी करनी होगी। वह व्हीलचेयर पर बैठकर ड्यूटी कर सकते हैं। जत्थेदार ने कहा कि सुखबीर बादल समेत कोर कमेटी मेंबर और साल 2015 कैबिनेट मेंबर रहे नेता 3 दिसंबर को 12 बजे से लेकर 1 बजे तक बाथरूम साफ करेंगे। इसके बाद वह नहाकर लंगर घर में सेवा करेंगे। साथ ही उन्हें एक घंटा बैठकर कीर्तन सुनना होगा।

### गले में तख्ती और हाथ में बरछा रहेगा

सुखबीर सिंह बादल सजा के दौरान के गले में तख्ती और हाथ में बरछा लेंगे। उनको यह सजा 2 दिन के लिए दी गई है। इसके बाद 2 दिन श्री केशगढ़ साहिब, 2 दिन श्री दमदमा साहिब तलवंडी साबो, 2 दिन श्री मुक्तसर साहिब और 2 दिन श्री फतेहगढ़ साहिब में सेवादारों वाला चोला पहनकर हाथ में बरछा लेकर उनको सेवा करनी होगी।

### इस्तीफे स्वीकार करने के दिए आदेश

सजा सुनाने के बाद जत्थेदार ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल पार्टी से जिन नेताओं ने इस्तीफे दिए, उन्हें अगले 3 दिनों में स्वीकार करना होगा। उन्होंने बागी चलने वाले नेताओं को फटकार लगाते हुए शिरोमणि अकाली दल के साथ चलने की नसीहत दी। जत्थेदार रघुबीर सिंह ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल आने वाले समय में पार्टी की नई कमेटी को लेकर चर्चा करें और नियुक्तियां करें। ये सारी प्रक्रिया चुनावी तरीके से होनी चाहिए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# माफियाओं की नो एंट्रीः सीएम विष्णुदेव के एक साल के कार्यकाल में सबसे अधिक माफियाओं में बेचैनी, सीएम साय का सबसे बड़ा प्लस

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ग्रहण किया था। याने एक साल अब कंप्लीट होने को है। विष्णुदेव साय सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि माफियाओं को कोई वेटेज नहीं मिल रहा है। सरकार के गठन के बाद विभिन्न व्यवसायों के लोगों ने सत्ता तक पहुंचने का खूब कोशिशें की मगर अभी तक उन्हें कोई रास्ता नहीं मिला है। इसकी सबसे बड़ी वजह है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का स्वभाव।



35 साल के विधायक और सांसद के सार्वजनिक जीवन में विष्णुदेव पर कोई दाग नहीं लगा। उसकी वजह यह रही कि कभी भी उन्होंने लूट-खसोट करने वाले बदनाम लोगों को अपने पास फटकने नहीं दिया। बता दें, रायपुर छत्तीसगढ़ की राजधानी है ही भांति-भांति के माफियाओं की भी यह शरणस्थली है। रायपुर भूमाफिया से लेकर बिल्डर माफिया, मेडिकल माफिया, शराब माफिया, ठेकेदार माफिया, सप्लायर माफिया, डीएमएफ माफियाओं से भरा पड़ा है। छत्तीसगढ़ बनने से पहले जो कारोबारी लाखों का व्यापार करते थे, वे सत्ता के संरक्षण का लाभ उठा अब अरबों में खेल रहे हैं। वो चाहे बिल्डर हो या मेडिकल या किसी अन्य सेक्टर के लोग।

कुछ दिन पहले एक मेडिकल सप्लायर का सप्लाई कांड एक्सपोज हुआ था, उसमें पता चला कि राज्य बनने से पहले वो कुछ लाख का बिजनेस करता था मगर अब उसका कारोबार हजार करोड़ से उपर पहुंच चुका है। यही हाल बिल्डरों का है। छोटे-छोटे बिल्डरों ने राजनेताओं और नौकरशाहों के पैसे से आज अरबो, खरबों का कारोबार कर रहे हैं। इन माफियाओं की एक फाइल खुल जाए तो वे सलाखों के पीछे होंगे। मगर सत्ता से गलबहियां करने के यही तो फायदे हैं... सत्ता में बैठे लोग आंखें मूंद लेते हैं। अनेक ऐसे बिल्डर हैं, जो सरकारी जमीनों को दबा लिया या लैंड यूज बदलकर बड़ा खेला कर दिया।

रायपुर के मास्टर प्लान में ही इतना बड़ा खेला हुआ कि उससे बिल्डरों और लैंड माफियाओं, राजनेताओं, ब्यूरोक्रेट्स को दो हजार करोड़ से अधिक का फायदा हुआ। हालांकि, आवास पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने मास्टर प्लान पर रोक लगाते हुए जांच बिठा दी है। सरकार बनने के बाद काले काम करने वाले कारोबारियों ने मुख्यमंत्री निवास में घुसने की काफी कोशिशें की। बीजेपी संगठन के लोगों को भी साधा गया। मगर सबने हाथ खड़ा कर दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# पानी भरने के विवाद में महिला की पत्थर मार कर हत्या, आरोपी महिला को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल के गुत्थी को 48 घण्टे के अंदर सुलझाया लिया है। पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

बताया जाता है कि पानी भरने का विवाद उक्त हत्या की वजह बनी थी। पुलिस द्वारा आरोपी महिला को पकड़े जाने उपरांत उन्होंने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर अपना जुर्म कबूलकर लिया है। पुलिस ने आरोपियां के कब्जे से खून आलूदा कपड़ा बरामद कर आरोपी भुनेश्वरी विश्वकर्मा नामक महिला को गिरफ्तार कर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है।

सायबर सेल एवं थाना डोंगरगांव पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के चलते पुलिस की हत्थे चढ़ी आरोपिया- भुनेश्वरी विश्वकर्मा पति दिनेश विश्वकर्मा, उम्र- 40 साल, पता- इंदिरा आवास डोंगरगांव की रहने वाली है। मृतका के बेटे ने दी सूचना घटना के संबंध में डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि गत 30 नवंबर को प्रार्थी थाने आकर अपनी मां श्रीमति रूखमणी बाई साहू की किसी अज्ञात आरोपी द्वारा हत्या करने की सूचना दी।इस पर थाने में मर्ग कायम करने पश्चात अपराध क्रमांक 281/2024 धारा 103 (1) बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया गया। उक्त घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों, एफ.एस.एल. टीम, डॉग स्कॉड एवं सायबर सेल को दिया गया। जिस पर तत्काल जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एस.डी.ओ.पी. डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में थाना डोंगरगांव एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित द्वारा आरोपियों की पतासाजी हेतु आसपास के सी.सी.टी.व्ही कैमरा खंगाला



गया साथ ही मुखबीरों को सक्रिय कर पतासाजी की गई।

नल में पानी भरने पर हुआ था विवाद

विवेचना के दौरान सी.सी.टी.व्ही. के आधार पर पता चला कि उस दौरान आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा और मृतिका श्रीमति रूखमणी बाई साहू दोनों बस स्टेण्ड के शौचालय के पास नल में पानी भरने आये थे। संदेह के आधार पर भुनेश्वरी विश्वकर्मा को मनोविज्ञानिक रूप से गहन पूछताछ किया गया। इस पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताई कि वे दोनो प्रतिदिन वहां पानी भरने आते थे इस दौरान पानी भरने के संबंध में अक्सर दोनों में विवाद होते रहती थी। जिससे आरोपिया अपने आप को मानसिंक रूप से प्रताड़ित होना महसूस करती थी, इसी बात को लेकर आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से हत्या करने के नियत से बीते 30 नवंबर की रात्रि करीबन 03:30 बजे मृतिका रूखमणी बाई के नल के पास आने से पहले ही पहुंच कर अपने हाथ मे पत्थर रख कर वार करने के लिये छुपकर खड़ी थी, रूखमणी बाई लगभग अपराह्न 4 बजे अपने चारो पानी के डिब्बा को लेकर नल के पास आई, तब मौका देख कर आरोपिया भुनेश्वरी विश्वकर्मा अपने हाथ मे रखे पत्थर से रूखमणी बाई के सिर मे वार कर चोट पहुंचायी तब वह भागने लगी लेकिन भुनेश्वरी विश्वकर्मा पुनः उसे पकड़कर खींच कर नल के पीछे काम्प्लेक्स के पास घसीटकर ले गयी एवं पास मे रखे पत्थर से सिर मे बार-बार वार किया एवं पुनः कॉम्प्लेक्स के पीछे प्रसाधन के पास संकरा जगह मे ले जाकर क्रुरता पुर्वक हत्या कर दिया एवं पत्थर को वहीं पर फेंक दिया।

घटना में प्रयुक्त पत्थर को जप्त किया गया है। आरोपिया के द्वारा जुर्म स्वीकार करने से सोमवार 2 दिसंबर को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय ज्युडिशियल रिमांड पर पेश किया जा रहा है। उक्त सफल कार्यवाही में थाना डोंगरगांव पुलिस स्टाफ के श्री शाह सहित सहायक उपनिरीक्षक देवसिंह रावटे, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र कौचे, आरक्षक गौरव सेण्डे, चन्द्रपाल, महिला आरक्षक अभिलाषा सिंह तथा सायबर सेल से सउनि द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक अवध किशोर साहू, मनीष वर्मा, अविनाश झा, हरीष ठाकुर, जीवन ठाकुर का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

# सीआरसी के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

राजनांदगांव (दावा)। दिव्यांगजन कौशल विकास पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) दिव्यांगजनों के जीवन को सकारात्मक दिशा देने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। यह केंद्र न केवल दिव्यांगजनों को चिकित्सा और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण और सहायता भी देता है। सीआरसी राजनांदगांव आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ टीम से सुसज्जित है, जो दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को समझकर उन्हें बेहतर जीवन जीने में सहायता करती है।



यहां फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, और साइकोलॉजिकल काउंसलिंग जैसी सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा, कृत्रिम अंग और सहायक उपकरणों की उपलब्धता भी इसे अन्य केंद्रों से अलग बनाती है। सीआरसी के निदेशक डॉक्टर स्मिता महोबिया का कहना है कि दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका शारीरिक और मानसिक विकास बेहद जरूरी है। केंद्र ने अब तक हजारों लोगों की जिंदगी बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के दिव्यांगजन यहां आकर न केवल अपनी समस्याओं का समाधान पाते हैं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी कदम बढ़ाते हैं। यह सीआरसी केंद्र पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का प्रतीक बन गया है। डायरेक्टर स्मिता महोबिया कहती हैं कि 'अगर सही मार्गदर्शन और सहयोग मिले तो शारीरिक चुनौतियां किसी की प्रतिभा और क्षमता को सीमित नहीं कर सकतीं। यहां सपनों को नए पंख मिलते हैं।' निश्चित रूप से सीआरसी केंद्र ने समाज में दिव्यांगों के लिए समावेश, समानता और सशक्तिकरण का एक अनूठा उदाहरण पेश किया है।

## पहला कॉलम...

### विधानसभा अध्यक्ष आज जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 दिसम्बर 2024 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 3 दिसम्बर को सुबह 11 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास शंकर नगर रायपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ठाकुरटोला स्थित सीआरसी पहुंचेंगे एवं दिव्यांगजनों को किट वितरण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत पारीखुर्द पहुंचेंगे और विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। डॉ. रमन सिंह शाम 4 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे व समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 6 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### कल रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 4 दिसम्बर 2024 को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में उत्कर्ष लाइट्स केदारबाड़ी सतनाम भवन डोंगरगढ़ राजनांदगांव द्वारा इलेक्ट्रीशियन के 50 पद (केवल पुरूष) एवं मोबाईल डाटा ऑपरेटर के 50 पद, सनसूर श्रुष्टि इंटरप्राजेस बजरंग चौक तुलसीपुर राजनांदगांव द्वारा ऑफिस असिस्टेन्ट के 1 पद (केवल महिला) एवं खादी प्रोडक्ट मार्केटिंग 35 पद, श्री पुनाराम सिन्हा सीएलआईए भारतीय जीवन बीमा निगम चिचोला राजनांदगांव द्वारा एलआईसी बीमा सखी के 100 पद (केवल महिला), टेक्नोटास्क बिजनेस सॉलुशन प्राईवेट लिमिटेड टेड़ेसरा राजनांदगांव द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 400 पद (केवल पुरूष) के लिए भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने वाले इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

### विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंध

**कलेक्टर ने बिना पूर्व अनुमति के अवकाश एवं मुख्यालय से बाहर नहीं जाने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 16 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक षष्ठम् विधानसभा के चतुर्थ सत्र के दौरान अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

कलेक्टर ने कहा कि विधानसभा प्रश्नों, ध्यानाकर्षण सूचनाओं, स्थगन प्रस्तावों की जानकारी समय-सीमा में भेजने के लिए अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य है। उन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के अवकाश एवं मुख्यालय से बाहर नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी विभाग व जिला प्रमुख को कार्यालय में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा उनके नाम, पदनाम, दूरभाष नंबर एवं मोबाईल नंबर की जानकारी कार्यालय कलेक्टर राजनांदगांव को तत्काल प्रेषित करने कहा है। इसके साथ ही कार्यालयीन दिवसों के अतिरिक्त कार्यालय में अवकाश के दिनों में पर्याप्त लिपिक एवं भृत्य की ड्यूटी लगाने निर्देशित किया है।

# यातायात पुलिस ने 162 वाहनों से 50 हजार रूपये जुर्माना वसूला

**पुलिस ने शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले गाड़ियों पर की कार्यवाही**



राजनांदगांव(दावा)। यातायात पुलिस ने सोमवार को जगह-जगह पाइंट लगाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस एवं यातायात टीम द्वारा शहर के रेवाडीह चौक एवं ट्रांसपोर्ट नगर चौक में शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 7 वाहन चालकों के विरूद्ध धारा 185 मो.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। जिसमें वाहन क्रमांक मो.सा. सीजी 07 एई 3213 का चालक प्रकाश कुमार ठाकुर, मो.सा. सीजी-08/एसी 8296 का चालक नवीन मरकाम, मो.सा. सीजी-04 /एलएच 5634 का चालक विरेन्द्र कुंवरदादरा एवं मो.सा. सीजी-08/एच 9614 का चालक शत्रुहन यादव, मो.सा.सीजी 08 एनए 2217 का चालक ललित पटेल, स्कूटी सीजी-08/एएच 3569 का चालक अश्वनी कुमार सोनी, मो.सा. सीजी-08/बी 7754 का चालक प्रीतम कुमार एवं मो.सा. सीजी 08 ए डब्ल्यू 4649 का चालक सुरेन्द्र कुमार वाहन चेकिंग के दौरान रोककर चेक करने से शराब सेवन करना प्रतीत होने पर ब्रीथ एनालाईजर मशीन से चेक करने पर शराब सेवन कर वाहन चलाते पाये जाने से मोटरयान अधिनियम की धारा 185 एम.व्ही.एक्ट के तहत कार्यवाही कर वाहन जप्त कर सुरक्षार्थ यातायात कार्यालय में रखा गया है। इसी प्रकार बिना कागजात के 51 वाहनों, दुपहिया वाहन में तीन सवारी में 15 वाहन, रेड सिग्नल जंप 22 वाहन, बिना सीट बेल्ट 16 वाहन, दुपहिया वाहन में बिना हेलमेट पर 05, ओव्हर स्पीड 01 एवं अन्य धाराओं में 45 वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 162 वाहनों से 49400 रूपये जुर्माना वसूल किया गया।

यातायात प्रभारी अजय खेस द्वारा बताया गया है इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि शराब सेवन कर वाहन न चलायें, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाये, दुपहिया वाहन में तीन सवारी एवं बिना हेलमेट लगाये न चलें। यातायात नियमों का पालन करें एवं दुर्घटनाओं से बचे।

# लखोली नाका से कन्हारपुरी तक सड़क चौड़ीकरण जरूरी - वीरेंद्र चंद्राकर



**कहा - अतिक्रमण की वजह से सिमट रही रोड**

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के शहर अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर ने अपने एक जारी बयान में कहा कि शहर के श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली में जहां नगर निगम के अनेक वार्ड आते हैं। वहां अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। आलम यह है कि सड़क संकरी होती जा रही है और आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। क्षेत्र सहित आसपास के गांव के लोगों की मांग है। कि अतिक्रमण हटाकर लोक निर्माण विभाग के अधीन इस सड़क का चौड़ीकरण किया जाए। साथ ही साथ आवश्यक स्थान पर गति अवरोधक बनाने की मांग की है।

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि लखोली नाका से कन्हारपुरी सामुदायिक भवन तक सड़क चौड़ीकरण बनाना बहुत ही आवश्यक है क्योंकि आए दिन इस क्षेत्र में दुर्घटना घटित हो रही है लखोली सहित कन्हारपुरी के आसपास के क्षेत्र में घनत्व जनसंख्या है। लखोली क्षेत्र के निवासियों सहित आसपास के गांव-गांव जंभेश्वर जंगलेश्वर, रवेली, खैर, भर्रेगांव, खैरा आदि के ग्रामीणों का कहना है कि कन्हारपुरी से लखोली नाका चौक तक अतिक्रमण ही नहीं हुए हैंअपितु बड़ी संख्या में मवेशी भी जगह-जगह डेरा जमाए रहते हैं उस पर से कुछ नशेड़ी भी तेज रफ्तार अनियंत्रित वाहन चलाते हुए आवाजाही करते हैं। इससे भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और छोटी-मोटी दुर्घटनाएं आम बात है। फिर तो इस क्षेत्र में रेत, गिट्टी, मुरुम, सीमेंट आदि लोड डंफर, हाइवा, ट्रैक्टर, ट्रक आदि भारी वाहन की रफ्तार बनी रहती है। इस क्षेत्र में प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल आदि अनेक है। अतः विद्यार्थियों की आवाजाही बड़ी संख्या में रहती है। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए लोक निर्माण विभाग अंतर्गत इस सड़क के चौड़ी कारण के साथ जगह-जगह आवश्यक स्थान पर गति अवरोध मनाने की मांग की है। शासन से इस मांग को पूरी करने बाबत हस्ताक्षर महा अभियान भी चलाई जाने के शुगबुगाहट भी।

# मजदूर का बेटा बना नायब तहसीलदार

**गांव पहुंचने पर परिजनों व ग्रामीणजनों ने जश्न मनाकर दिया आशीर्वाद**

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। गांव में रोजी मजदूरी करने वाले मजदूर का बेटा नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने एवं गृह ग्राम तेंदूभाटा लौटने पर परिजनों के साथ ग्रामीण जनों ने जश्न मनाया।

नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए रवेंद्र सिन्हा को परिजन व ग्रामीणजनों ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोहरा से लगे गांव तेंदू भाटा निवासी चुम्मन लाल देवकी बाई सिन्हा के सुपुत्र रवेंद्र सिन्हा ने सी जी पी एस सी परीक्षा 48 वा रैंक में उत्तीर्ण होकर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए।



### पढ़ाई के आगे गरीबी हारी - रवेंद्र सिन्हा नायब तहसीलदार

दैनिक दावा प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए रवेंद्र सिन्हा ने बताया कि मुझे मेरे माता-पिता पर गर्व है कि मैं उनकी हिम्मत और हौसले के चलते पढ़ाई के दम पर गरीबी को हरा पाया। मेरे माता-पिता बहुत ही गरीब परिस्थिति के होते हुए भी मुझे रोजी मजदूरी कर पढ़ाया लिखाया। मैंने सी जी पी एस सी प्रतियोगी परीक्षा की 8 वर्ष तक कड़ी मेहनत की और उसका फल मुझे और मेरे माता-पिता को मिला। मैंने कभी हिम्मत नहीं हारी और बार-बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होता रहा। मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है। रवेंद्र के नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने की खबर सुनते ही समाज के लोगों ने घर जाकर रवेंद्र को बधाई दी बधाई देने मंडलेश्वर मनोज सिन्हा कार्यकारी सदस्य केदान सिन्हा राजेश कुमार सिन्हा,मधुसूदन नरेश कुमार छबील राम संतराम आदि सामाजिक बंधुओं ने रवेंद्र को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

**प्लॉट बेचना है**
राजनांदगांव पेन्ड्री में नेशनल हाईवे से 100 मीटर की दूरी पर डायवर्टेड आवासीय प्लॉट
रोड, नाली, बिजली की सुविधा उपलब्ध
- : संपर्क :-
62641-56342




## परिसमापनाधीन समितियों की विशेष आमसभा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव द्वारा दिनांक 04.10.2023 को निम्नांकित सहकारी समितियों को परिसमापन में लाया जाकर विभिन्न कार्यालयीन आदेशों के माध्यम से परिसमापक नियुक्त किया गया है, जिसकी सूचना डाक के माध्यम से निर्धारित समयावधि में दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की सूचना जारी की गई थी।


निर्धारित समयावधि में कोई भी दावा आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ। अतः समिति को परिसमापन में लाये जाने की प्रक्रिया हेतु विशेष आमसभा का आयोजन निम्नानुसार तिथि को कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता राजनांदगांव कक्ष क्रमांक-102 में रखा जा रहा है। उक्त विशेष आमसभा में निम्न विषयों पर निर्णय लिया जावेंगा।

1- संस्था के लेनदारी, देनदारी का निपटारा।
2-शासकीय लेनदारी, देनदारी का निपटारा।
3-संस्था का पंजीयन निरस्त करना।
4-अन्य विषय परिसमापक की सहमति से।

| क्र. | समिति का नाम | पंजीयन क्रमांक | परिसमापक का नाम | आमसभा सूचना | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दिनांक | समय |
| 1 | आदर्श महिला खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बोदेला | 853 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 11-12-2024 | 10:00 से 11:00 AM |
| 2 | मां गायत्री खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 कांपा | 872 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 11-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 3 | धन लक्ष्मी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बड़भूम | 896 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 11-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 4 | खाद्य खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 आमगांव | 900 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 11-12-2024 | 2:00 से 3:00 PM |
| 5 | मां शितला खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 डोंगरगांव | 1018 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 11-12-2024 | 03:00 से 4:00 PM |
| 6 | संतोषी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 दीवानझिटिया | 1019 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 11-12-2024 | 4:00 से 5:00 PM |
| 7 | जय बुढ़ादेव खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बरसनटोला | 1020 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 12-12-2024 | 10:00 से 11:00 AM |
| 8 | समृध्दि खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 गिरगांव | 1023 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 12-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 9 | राधा कृष्ण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 गोडरी | 1024 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 12-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 10 | जय मां संतोषी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 ओडारबांध | 1026 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 12-12-2024 | 2:00 से 3:00 PM |
| 11 | जन कल्याण खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 मनेरी | 1034 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 12-12-2024 | 03:00 से 4:00 PM |
| 12 | भवानी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 मलाईडबरी | 1141 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 12-12-2024 | 4:00 से 5:00 PM |
| 13 | निशांत युवा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 माथलडबरी | 1155 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 13-12-2024 | 10:00 से 11:00 AM |
| 14 | इंदिरा खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 कोपेडीह | 904 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 13-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 15 | कावेरी स्वशक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 कोहका | 907 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 13-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 16 | इंदिरा शक्ति खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 बाबुनवागांव | 950 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 13-12-2024 | 2:00 से 3:00 PM |
| 17 | संगम खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सहकारी समिति मर्या0 केसला | 1067 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 13-12-2024 | 03:00 से 4:00 PM |
| 18 | विकास खदान मजदूर सहकारी समिति मर्या0 बडभूम | 320 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 13-12-2024 | 4:00 से 5:00 PM |
| 19 | माँ अम्बे महिला बहुउद्देशी सहकारी समिति मर्या0 जंगलपुर | 538 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 16-12-2024 | 10:00 से 11:00 AM |
| 20 | भारतीय कृषक बीज उत्पादक एवं विपणन सहकारी समिति मर्या. तुमड़ीबोड़ | 364 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 16-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 21 | बर्फानी फल फूल उत्पादक एवं विपणन सहकारी समिति मर्या. डोंगरगांव | 348 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 16-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 22 | खण्डेलवाल गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. राजनांदगांव | 177 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 16-12-2024 | 03:00 से 4:00 PM |
| 23 | खदान सहकारी समिति मर्या. खुज्जी | 56 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 16-12-2024 | 4:00 से 5:00 PM |
| 24 | भुनेश्वरी बुनकर सहकारी समिति मर्यादित डोंगरगांव | 16 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 17-12-2024 | 10:00 से 11:00 AM |
| 25 | इंडियन मछुवा सह. समिति मर्या. चिददो | 514 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 17-12-2024 | 11:00 से 12:00 PM |
| 26 | ग्राम विकास खनिज सह. समिति मर्या. किरगी | 380 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 17-12-2024 | 12:00 से 1:00 PM |
| 27 | स्वाति महिला प्राथमिक उपभोक्ता भंडार मर्या. डोंगरगांव | 522 | सुश्री अनिता नन्दे सहकारी निरीक्षक | 17-12-2024 | 2:00 से 3:00 PM |

(अनिता नन्दे) परिसमापक सहकारिता राजनांदगांव

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे रात्रि
सिंघम अगेन
कलाकार - अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com




**आवश्यकता है**
दैनिक अखबार में काम करने हेतु (रात्रिकालीन) हेल्पर एवं ड्राइवर की
मिलने का समय दोप. 12 से शाम 6 बजे तक।
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-8
467-7 480-2
राजधानी
3-4-9
690-5 136-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## अरुण देशकर का निधन



रायपुर (दावा)। शंकर नगर, सेक्टर 1 निवासी एवं देशकर एडवरटाइजिंग एजेंसी के संचालक अरुण देशकर का दिनांक 30 नवंबर को 70 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में कर दिया गया। वे विशाल, प्रशांत व सुवर्णा के पिता थे।

### न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश कुमार जैन, निवासी-आजाद चौक, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम मोहारा, प.ह.नं. 48, तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 211/12, रकबा 0.0120 हे. भूमि के ऑनलाईन अभिलेख में कॉलम नं. 23 में दर्ज पंजीयन संलग्न चौहद्दी से फर्जी हस्ताक्षर होने के कारण ऋणा पुस्तिका जारी नहीं किया गया है शब्द दर्ज है, जिसे सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 17/12/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 2/12/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 2/12/2024
पेशी दिनांक :- 17/12/2024

तहसीलदार राजनांदगांव

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे इस्लामिक अत्याचार व उत्पीड़न के विरोध आज धरना प्रदर्शन व रैली - एम.डी. ठाकुर

*राजनांदगांव (दावा)। आज 3 दिसंबर मंगलवार को शहर के 40 हिंदू संगठन व विभिन्न समाज के लोगों द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे इस्लामिक अत्याचार व उत्पीड़न के विरोध में धरना प्रदर्शन पश्चात रैली का आयोजन किया गया है। शहर के महावीर चौक पर आयोजित धरना प्रदर्शन व रैली निकाल कर शहर? भ्रमण करते हुए कलेक्टरेट जाकर कलेक्टर को राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।*

### हिंदुओं के साथ अमानवीय बर्बरता

इस संबंध में प्रेस वार्ता लेते हुए हिंदू संस्कृति सुरक्षा मंच के संयोजक एम डी ठाकुर ने बताया कि विगत कुछ समय से बांग्लादेश में रह रहे हिन्दूओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है हिन्दू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके पूजा स्थल मंदिर आदि पर इस्लामिक कट्टरपंथी निरंतर हमले कर रहे हैं इसी क्रम में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को आतंकवादी की तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया है. उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है उन्होंने कहा कि विगत कुछ समय से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार में हिन्दुओं के घरों में तोड़फोड़ आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर हमले व मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं यहाँ तक की हिन्दू नाम रखने वालों के साथ मारपीट व उनके व्यवसाय पर हमले हो रहे हैं.उनके पूजा स्थलों को अपवित्र किया जा रहा है. इन घटनाक्रमों से भारत समेत सम्पूर्ण विश्व में रह रहे हिन्दूओं में आक्रोश व्याप्त है. वहीं तथाकथित अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन जैसे आंख बंद किए हैं, उनका मौन ऐसे संगठनों की भूमिका को सन्देहास्पद सिद्ध करता है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस हिंदू आक्रोश धरना प्रदर्शन व रैली के माध्यम से बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस से शांति स्थापना के लिए दिए जाने वाले नोबल पुरस्कार वापिस लेने की मांग की जाएगी।




**○ बांग्लादेश के राष्ट्रपति से नोबल पुरस्कार वापिस लिए जाने की मांग**
**○ शहर के 40 हिंदू सामाजिक संगठनों द्वारा आज धरना प्रदर्शन और निकाली जाएगी रैली**

प्रेस वार्ता में उपस्थित कल्याणिका देव स्थान के किशोरी लाल लाट जी ने बताया कि बांग्लादेश में जबरिया सरकार बदलने के बाद राष्टपति मोहम्मद यूनुस द्वारा कट्टरपंथी इस्लामिक संगठनों द्वारा हिंदूओं के खिलाफ अत्याचार, उत्पीड़न का कुचक्र चलाया जा रहा है इससे न केवल भारत के हिंदुओं, विदेश में बसे हिंदुओं में आक्रोश व्याप्त है। आज देश भर में हिन्दू समाज ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए इस विषय को स्थानीय प्रशासन के माध्यम से संज्ञान में लाकर केंद्र सरकार से आवश्यक कार्रवाई की मांग कर रही है।

विश्व हिन्दू परिषद के विष्णु साव ने कहा कि जिस तरह बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही मानवाधिकार हनन की घटना ,,, पूरे विश्व में कहीं नहीं हुआ है। इस्लामिक कट्टरवाद के शिकार हो रहे बांग्लादेश केउन हिंदू भाई - बहनों के साथ देश का पूरा हिंदू समाज खड़ा है। उन्होंने बताया कि इस धरना प्रदर्शन व रैली के माध्यम से मांग उठाई जाएगी कि बांग्लादेश की सरकार इस्लामिक कट्टरपंथियों पर कठोर कार्रवाई कर वहाँ रह रहे हिन्दू अल्पसंख्यकों के मूलभूत अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करे। वहीं बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिन्दू समाज व उसकी संस्कृति व धार्मिक स्थलो की सुरक्षा हेतु केन्द्र सरकार यथा संभव अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर समर्थन प्राप्त करे व मानवाधिकार भी इस पर संज्ञान ले।

श्री ठाकुर ने बताया कि आज महावीर चौक स्थित फ्लाई ओवर के नीचे 12 बजे आयोजित धरना प्रदर्शन के बाद 2 बजे आक्रोश रैली निकाली जाएगी जो जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक होते हुए गुरुद्वारा चौक होते हुए कलेक्टर पहुंचेगी वहां देश के राष्ट्रपति व प्रदेश के राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# भाजपा का प्राथमिक सदस्यता अभियान पूरा: संगठन चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव को लेकर पार्टी कार्यालय में आज दिनांक 02 दिसम्बर को जिला चुनाव अधिकारी संजय श्रीवास्तव की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुये श्री श्रीवास्तव ने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के लक्ष्य को पार्टी ने देश व प्रदेश में पूरा कर लिया है। प्रदेश में 60 लाख नये प्राथमिक सदस्य बनाये गये है वही देश में लगभग 12 करोड़ नये प्राथमिक सदस्य बन चुके है। जिन राज्यों में चुनाव था, मसलन, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, झारखंड सहित दो अन्य बड़े राज्यों में सदस्यता की प्रक्रिया चुनाव निपटने के बाद अब प्रारंभ होगी, इसी के साथ प्राथमिक सदस्यता का कार्य पूरा कर लिया गया है अब संगठन चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संगठन चुनाव में अब पहले चरण में बूथ स्तरीय चुनाव पूरे हो रहे है, आने वाले दो-तीन दिनों में इसे भी पूरा कर लिया जायेगा, इसके बाद मंडल चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जिसे 15 दिसंबर तक पूरा होना है फिर 30 दिसंबर तक जिले के चुनाव भी संपन्न करा लिये जायेंगे।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यशाला में मंडल व जिले चुनाव की प्रक्रिया को जिला चुनाव अधिकारी ने बारीकी से उपस्थित पदाधिकारियों को समझाया व सारी चुनाव प्रक्रिया आम सहमति से पूरी करने को कहा। कार्यशाला के प्रारंभ में दीप प्रज्वलित किया गया फिर अतिथियों का स्वागत हुआ, जिला भाजपा के महामंत्री राजेन्द्र गोलछा ने स्वागत भाषण किया फिर सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल ने सक्रिय सदस्यता अभियान की जानकारी दी।

कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव और आभार प्रदर्शन जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने किया। इस दौरान प्रमुख रूप से गीता घासी साहू, अशोक चौधरी, मूलचंद लोधी, सुरेन्दर सिंह बन्नोआना, विनोद खाण्डेकर, किशुन यदु, आलोक श्रोती, कैलाश शर्मा, शिव वर्मा, प्रतीक्षा भंडारी, लीलाधर साहू, रोहित चन्द्राकर, अतुल रायजादा, तरूण लहरवानी, रामकुमार गुप्ता, अजय पटेल, सौरभ कोठारी, बोधन साहू, जागेश्वर साहू, आकाश चोपड़ा, गिन्नी चावला, आलोक बिंदल, रवि सिन्हा, मुकेश बघेल, अशोकादित्य श्रीवास्तव, रघुवीर वाधवा, गोलू सूर्यवंशी, मनोज साहू, हर्ष रामटेके, जागेश्वर साहू, परदेशी सोनबोईर, किरण साहू, प्रतीक्षा भंडारी, किरण वैष्णव, शालू वर्मा, सुधा पवार, विरेन्द्र जैन, संदीप भट्टाचार्य, अरूण शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे, शासकीय विभागों को 10 दिनों का समय



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत पुनः विद्युत बिल बकायादारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया.

शुक्रवार 26 से 30 नवम्बर तक इस संभाग के अंतर्गत वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंताओं ने मुख्यालयों में विशेष अभियान चलाते हुए पुनः 74 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद कर दिया है. बता दें कि इन उपभोक्ताओं से 7.57 लाख की राशि बकाया है साथ ही 322 उपभोक्ताओं के विरूद्ध 12.65 लाख रूपये की वसूली भी की गई.

डोंगरगांव संभाग के कार्यपालन अभियंता पी.सी.साहू ने बताया कि विभाग द्वारा निर्धारित समयावधि पर बिल भुगतान हेतु बिल वितरण कराया जाता, उसके बाद बिजली देयकों के भुगतान में विलंब होने पर सूचना के बाद भी बिल भुगतान नही करने पर लाईन काटने की कार्यवाही की जा रही है.

उनके व्दारा उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि लाईन विच्छेदन की कार्यवाही से बचने के लिए बिजली बिलों का भुगतान समय पर करे. डोंगरगांव संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में औद्योगिक, व्यवसायिक एवं अन्य प्रयाजनों के विरूद्ध बिजली बिल बकाया वसूली करने हेतु वितरण केन्द्र स्तर पर सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं की विशेष टीम गठित किया गया है, यह अभियान आगे निरंतर जारी रहेगा तथा बकाया राशि वाले सभी शासकीय विभागों को 10 दिवस का अतिरिक्त समय दिया गया है.

# कांग्रेस भवन में बुलडोजर चला, विरोध मे सामने आए व्यापारी



राजनांदगांव (दावा)। सौ साल के लगभग होने जा रहे जयस्तंभ चौक स्थित कांग्रेस भवन जर्जर पूरी तरह हो चुका है। इसे तुड़वाने के लिए नगर निगम से नोटिस आ चुकी है। रविवार को उक्त जर्जर कांग्रेस भवन को डिस्मेंटल करने वहां बुलडोजर चल गया। इससे वहां रहने वाले व्यापारी विरोध करने सामने आ गए और जमकर बवाल काटा। कांग्रेस भवन के बिल्डिंग में दुकानदारी करने वाले बृजेश गुप्ता ने कहा कि हम चाहते हैं कि वर्षों पुराना कांग्रेस भवन नया बने। यहां 22 दुकानें हैं। व्यापारी भी इससे सहमत है लेकिन बुलडोजर चलाए जाने से पहले बातचीत की जाए। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। इसका हम विरोध कर रहे हैं।

व्यापारियों के उक्त विरोध को उचित नहीं बताते हुए कांग्रेस भवन के संयोजक व वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा है वर्षों पुराना कांग्रेस भवन गिरने की स्थिति में इसको बुलडोजर से डिस्मेंटल करा कर नई बिल्डिंग बनाए जाने की योजना है लेकिन अवैध रूप से काबिज कुछ किराएदार इसके आड़े आ रहें जो कि उचित नहीं। वरिष्ठ कांग्रेसी व पूर्व उर्जा मंत्री धनेश पाटिला ने कहा कि कथित इन किरायादारों का विरोध नाजायज है। पहले तो कांग्रेस भवन स्थित दुकानों के कथित किरायेदार आज तक किसको किराया देते थे पता नहीं है। बताया जाता है कि ये दुकानदार गुमास्ता जी के जमाने में इतने बड़े दुकानों का किराया दस- बीस, पच्चीस-पचास रुपए देते थे। उनके पास न तो किराया देने की रसीद है न और कोई एग्रीमेंट है। ऐसे हालात में कांग्रेस भवन के नए निर्माण में बांधा पहुंचाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

जर्जर कांग्रेस भवन को बुलडोजर चला कर समतल करना व अंदर की ओर उसकी साफ-सफाई करने का विरोध के लिए व्यापारियों के सामने आने पर वहां उपस्थित कांग्रेसियों ने भी इसका प्रतिकार किया। इस अवसर पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, आफताब आलम, हेमु सोनी आदि उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से महिलाओं के चेहरे में खुशियों की उजास

**मुख्यमंत्री को श्रीमती पुष्पा एवं संतोषी देवांगन ने दिया धन्यवाद**



राजनांदगांव (दावा)। शासन की महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान की दिशा में एक कारगर कदम है। जिले में खुशियों की यह उजास पहुंच रही है, महतारी वंदन योजना के माध्यम से। प्रतिमाह महिलाओं के खाते में 1000 रूपए की राशि पहुंचने पर महिलाओं ने मोबाईल में राशि प्राप्त होने का नोटिफिकेशन दिखाकर अपनी खुशी जाहिर की।

राजनांदगांव शहर की मोतीपुर निवासी 52 वर्षीय श्रीमती पुष्पा देवांगन ने बताया कि वे एक गृहिणी है और सिलाई का कार्य करती हैं। महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग वे दवाई, घरेलू कार्य में करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं और उनका यह संदेश हम सभी तक पहुंच रहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री को इस योजना के तहत प्रतिमाह राशि प्राप्त होने पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी बहु श्रीमती संतोषी देवांगन को भी इस योजना के तहत राशि प्राप्त हो रही है। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत एवं सक्षम बनाने के लिए तथा उनके दायित्व निर्वहन के लिए संबल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

# आज से कांग्रेस का धान खरीदी केंद्र चलो अभियान



**धान उपार्जन केंदों में व्यवस्था सुधारने शासन प्रशासन पर बनाया जाएगा दबाव - भागवत साहू**

राजनांदगांव (दावा)। जिले सहित प्रदेश भर में शान द्वारा समर्थन दर पर धान खरीदी व्यवस्था सेवा सहकारी समितियां और उनके उपार्जन केदो में शुरू से ही लड़खड़ाई हुई है। अधिकांश केंद्रों में अवस्था का आलम है। इसे विपक्ष कांग्रेस ने गंभीरता से लेते हुए किसाने की परेशानियां दूर करने के लिए शासन प्रशासन पर दबाव बनाने का निश्चय किया है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि कार्य योजना के तहत 3 दिसंबर से धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत होगी। श्री साहू ने आगे कहा कि सोसायटी धान खरीदी केन्द्रों में सतत् निगरानी हेतु खरीदी केन्द्रवार निगरानी समितियों का गठन कर लिये गए हैं और समिति के सदस्यगण सतत् निगरानी रखते हुए किसान भाईयों को आवश्यक सहयोग करगें। किन्तु प्रदेश के विभिन्न जिलों से किसान भाईयों को प्रशासनिक अव्यवस्था से धान खरीदी में हो रही विभिन्न समस्याओं सहित चुनावी संकल्प पत्र में किये गये वायदे अनुरूप 21 क्किंटल प्रति एकड़ की खरीदी भी नही होने का मामला सामने आ रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा किसान भाईयों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए किसान भाईयों के हित में 03 दिसम्बर 2024 को धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत सभी जिलों में वरिष्ठ नेताओं को जवाबदारी दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी जिलेवार प्रभारी नेताओं से आवश्यक सम्पर्क एवं समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करेंगें। जिसमें सुविधानुसार नियुक्त प्रभारीगण क्षेत्र के अलग-अलग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। जिले के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं / कांग्रेसजनों को कार्यक्रम की विधिवत सूचना प्रदान करते हुए धान खरीदी केन्द्रों में गठित निगरानी समिति के सदस्यों सहित किसान भाईयों के साथ 03 दिसम्बर 2024 को खरीदी केन्द्र का भ्रमण करेंगें तथा उपस्थित किसान भाईयों से चर्चा कर व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु तत्काल प्रशासनिक / जिम्मेदार अधिकारी को अवगत करावें। साथ ही 01 दिसम्बर 2024 की स्थिति में खरीदी केन्द्रवार धान खरीदी की वस्तुस्थिति सहित कार्यक्रम का विस्तृत प्रतिवेदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अगवत करावें।

# आयुक्त विश्वकर्मा निकले रात्रि में सफाई देखने



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कल रात गोल बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान होटल व पान सेन्टर, दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठान के आस पास विशेष सफाई रखने, कचरा डोर टू डोर कचरा गाड़ी में डालने तथा दुकान का समान सीमा अंदर रखने समझाईस दिये।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा रात्रि में सफाई व्यवस्था देखने निकले और सर्व प्रथम गोल बाजार क्षेत्र, जूनीहटरी,फल मार्केट, गुड़ाखू लाईन में चल रहे रात्रिकालीन सफाई का जायजा लिये, जायजा लेकर संबंधित ठेकेदार को सफाई में और सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर का मध्य क्षेत्र होने के साथ साथ व्यवसायिक क्षेत्र है, जिसे ध्यान में रखते हुये सफाई का विशेष ध्यान रख जाये, नागरिकों एवं व्यापारियों से किसी प्रकार की शिकायत का मौका न आये, ऐसा कार्य किया जाये। इसके अलावा उन्होने व्यापारियों एवं नागरिकों से भी साफ सफाई व्यवस्था बनाये रखने, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, कचरा रात्रिकालीन डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने समझाईस दी। उन्होने कहा कि सभी दुकानदार अपना समान दुकान की सीमा में रखे, सीमा से बाहर रखने पर यातायात प्रभावित होती है। उन्होंने फल विक्रेता, ठेला खोमचा वालो से भी कहा कि वे कचरा दुकान के समाने रोड में न डाले, अन्यथा अर्थदण्ड वसूलने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त विश्वकर्मा ने मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा रोड, आम्बेडकर चौक, महामाया चौक एवं चौपाटी क्षेत्र में भी साफ सफाई का जायजा लिया और दुकानदार, ठेला खोमचा वालो से कचरा इधर उधर न फेकने, नाली में कचरा न डालने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने तथा कचरा निगम के कचरा गाडी में ही डालने समझाईस दिये। उन्होंने कहा कि गंदगी फैलाने अन्यत्र कचरा फेकने पर जुर्माना लगाया जायेग और जप्ती की कार्यवाही की जावेगी। उन्होंने कहा कि आम्बेडर चौक से महामाया चौक तथा चौपाटी क्षेत्र में डोर टू डोर रात्रिकालीन कचरा संग्रहण चालू किया जा रहा हैं, इसके लिये मुनादी भी करायी जा रही है। अतः कचरा इधर उधर न डालकर कचरा गाडी में ही डाले।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर जूट से बने थैले का उपयोग करने तथा अपने घर व उसके आस पास साफ सफाई रखने कचरा, डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डालने की अपील की है।

# ग्रामीण स्तर के महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करें पूर्ण - कलेक्टर

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर के कार्य नागरिकों की जरूरत के आधार पर स्वीकृत किए जाते हैं और यह छोटे-छोटे महत्वपूर्ण कार्य होते है। ऐसे कार्यों में ज्यादा समय नहीं लगना चाहिए। उन्होंने ग्रामीण स्तर के स्वीकृत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में प्रगतिरत कार्य शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो जाना चाहिए। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को सजगतापूर्वक और गंभीरतापूर्वक कार्य करने कहा। उन्होंने स्वीकृत नये विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये विकास कार्यों का प्राक्कलन बनाने के पहले अधिकारी स्वयं स्थल का निरीक्षण जरूर करें, जिससे सही तरीके से एस्टीमेट बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों के अधिकारी नियमित फिल्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें, जिससे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी आएगी और गुणवत्ता बनी रहेगी। उन्होंने छोटे एवं पुराने विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ जल्दी मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई है, उसे उसी कार्य में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य प्रारंभ की तिथि और कार्य पूर्णता की संभावित तिथि की जानकारी जिला कार्यालय को देने के निर्देश दिए।



**○ सांसद एवं विधायक निधि के निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में करें पूर्ण**

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य स्वीकृति के बाद उसे शीघ्र शुरू कराना चाहिए। कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने कहा, जिससे निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि पहले के स्वीकृत कार्य पूर्ण हो जाना चाहिए। यदि पूर्ण नहीं हुए हैं उसे इसी माह पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी के भवन निर्माण के संबंध में विशेष ध्यान देने कहा। स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं आंगनबाड़ी में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ते हैं। इन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए यह सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में अच्छा स्थान मिल रहा है तो आंगनबाड़ी भवन का निर्माण उसी कैम्पस में करने कहा। जिससे बच्चे की आदत आंगनबाड़ी के बाद स्कूल जाने से ही लग जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन बनाने या अतिरिक्त भवन निर्माण के पहले स्कूल का अच्छे से निरीक्षण करने कहा। इसके लिए संबंधित स्कूल के प्राचार्य से उनकी जरूरतों को भी जानने कहा। जिससे प्राक्कलन सही तरीके से बने, संशोधन की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए। नये भवनों का निर्माण एक कतार पर बनाएं जिससे बच्चों को खेलने के लिए अच्छा मैदान मिल सके। उन्होंने नये भवन निर्माण के पहले जर्जर एवं अनुपयोगी स्कूल भवनों का डिसमेंटल कराने कहा। जिससे बच्चों के खेलने के लिए अच्छा ग्राउंड मिल पाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वीकृत निर्माण कार्यों में प्रगतिरत कार्य, अप्रारंभ कार्य के आधार पर अधिकारियों से चर्चा कर सभी कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतवार चल रहे विकास कार्यों के लिए डायरी संधारित करने और छोटे-बड़े सभी प्रकार के विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जिला पंचायत विकास निधि, जनपद पंचायत विकास निधि, लोक शिक्षण मद, सांसद आदर्श ग्राम योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्य, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत निर्माण कार्य, समग्र शिक्षा एवं स्कूल जतन योजना के कार्य, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, सांसद क्षेत्र विकास निधि, विधायक क्षेत्र विकास निधि एवं जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# महाविद्यालय में हुआ फन फेयर का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग द्वारा विद्यार्थियों के लिए फन फेयर का आयोजन किया गया जिसमें बीसीए, बीकॉम, व बीबीए के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने कुल 8 अलग-अलग प्रकार के स्टॉल लगाये थे जिसमें पानीपुरी, भेल, पास्ता, स्वीटकॉर्न, मैगी, व अन्य गेम स्टॉल शामिल थे। प्रबंधन विभाग अध्यक्ष सुश्री आभा प्रजापति ने कहा कि फन फेयर आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता कौशल विकास को विकसित करना है और व्यापारिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रचना पाण्डेय ने इस आयोजन की सराहना करते कहा कि यह एक शानदार अनुभव प्रदान करता है।

इस तरह के विभिन्न गतिविधियों को संचालित कर हम विद्यार्थियों में संगठन, नेतृत्व, और टीम वर्क जैसे कौशल को विकसित करते हैं। इस मेले के अवलोकन के लिए उपस्थित महाविद्यालय के संचालक डॉ. मनीष जैन और संजय अग्रवाल ने भी इस मेले में प्रत्येक स्टॉल में जाकर के उनके द्वारा व्यय किए गए राशि के बारे में पूछने लगे और फिर विभिन्न खाद्य सामग्रियों का सेवन कर आनंद लिया। इस मेले में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## अनमोल दावा

***बुराई बड़ी हो या छोटी हमेशा विनाश का कारण बनती है, क्योंकि नाव में छेद छोटा हो या बड़ा नाव को डुबा ही देता है।***

## सम्पादकीय

# अमित शाह का संकल्प और माओवादियों की बदलती रणनीति

पिछले लम्बे समय से देश में नक्सलियों के चरित्र का अधोपतन हुआ है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह माओवाद का पूर्णतः सफाया करने कृत संकल्पित हैं। राज्यों के समन्वय से नक्सलियों के विरूद्ध चल रहे अभियान में नक्सलियों का बेहद नुकसान हुआ है। छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों का सर्वाधिक नुकसान हुआ है। हाल छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा में पुलिस से हुई मुठभेड़ में 7 नक्सली ढेर हुवे। लाल आंतक के चार दशक पुराने रेड कारिडोर को नव स्थापित सुरक्षा कैंपो की दीवार ने माओवाद को कमजोर कर दिया है। नक्सलियों के पीपुल्स लिबरेशन ग्रुप की ओर से इस वर्ष देश में मारे गए 253 नक्सलियों में से 226 नक्सली बस्तर क्षेत्र में मारे जाने की खबर को स्वीकार किया है। अमित शाह ने कहा है कि 2026 तक माओवाद का पूर्णतः सफाया करने का लक्ष्य है। नक्सलियों की दुर्भावना अब पराकाष्ठा पर है। वे जनता को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहे हैं। झारखण्ड में कड़ाके की ठण्ड के बीच चोरी का आतंक मचा है। चारों ओर, उनकी लूट बेखौफ चल रही है। जो नक्सली पुलिस के हाथों पकड़े जाते हैं, उनके पास से लाखों रूपए नगद और कीमती आभूषणों का खजाना मिलता है। वे अपने को कामरेड कहते हैं। किन्तु, उनका साम्यवाद से कोई संबंध नहीं है। मूलभूत सशस्त्र आंदोलन की नकारात्मकता विचारधारा से भी निम्नतम स्तर पर जाकर वे अब लूटेरे बन गए हैं। झारखंड की पुलिस का मानना है कि माओवादी अब अपने संगठन को छोड़कर सामान्य नागरिक जीवन में वापिस आना चाहते हैं। किन्तु, वे हाथ की सफाई से बाज नहीं आ रहे हैं। माओवादी लूट की राशि से भीषण शस्त्रों को खरीदते हैं और नए हमलों की योजना बनाते हैं।

तेलंगाना और आन्ध्रप्रदेश में माओवादियों की गतिविधियों ने नया मोड लिया है। वे लूट की राशि से निर्माण कार्यों में बाधा पहूंचा रहे हैं। इससे वे लाखो-करोड़ो की कमाई करने की मुराद रखे हुवे हैं। देश के कुल अलग-अलग दस क्षेत्रों में फिलहाल माओवादी हिंसात्मक रूप से अपना भयावह अस्तित्व बनाए हुवे हैं। यद्यपि, सुरक्षा दलों के द्वारा हो रहे जवाबी हमलों के कारण अनेक क्षेत्रों से उन्हे वापिस होना पड़ा है। इसके एवज में उन्होने नए क्षेत्रों में कब्जा जमाया है। सरकार के लिए सबसे बड़ा संकट नक्सलियों के भय के कारण लोगों से मिल रहा सहयोग है। सरकार के मुखबीरों के रूप में जितनी पहिचान होती है, उसे नक्सली बेरहमी से आग के हवाले कर देते हैं। इसी के साथ, विरोध करने वालों की भी यही हालत होती है। नक्सल पीड़ित जनता त्राहिमाम पुकारती है। हाईटेक मिलेट्री आपरेशन के बगैर नक्सलवाद के जड़ से सफाया नहीं किया जा सकता।

माओवादी आंदोलनकारी नागरिक है, ऐसा माने वाली सरकार विवश दिखाई पड़ती है। राज्य और केन्द्र सरकार अभी इस बात को स्वीकार नहीं कर रही है। किन्तु, हकीकत यह है कि नक्सली जो बड़ी तादात में नरसंहार करते हैं। वैसा नागरिक तो कर ही नहीं सकते। इसके बावजुद, अपनी शहादत की पर्वाह न करते हुवे हमारे जवान और पुलिस दल माओवादियों का सामना युद्धस्तर पर कर रहे हैं।

पिछले साल सीधी भिड़न्त में 222 नक्सली मारे गए थे। पिछले दस सालों में यह सर्वाधिक वार्षिक आंकड़ा है। इसके अलावा 2000 से अधिक माओवादियों ने सुरक्षा दलों की शरणगति को स्वीकार किया है। छत्तीसगढ़, झारखण्ड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, बिहार, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में बहुत आगे बढ़ गए माओवादी अब पीछे हटने लगे हैं। मौका परस्त वे फिर आगे की ओर कूच भी करते हैं। अब नए राज्यों की ओर उनकी गति दिख रही है।

# विधानसभा चुनाव : कांग्रेस और आप में गठबंधन क्यों नहीं हो पा रहा?

**अश्वनी पासवान**

दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार कर दिया. अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में रविवार को कहा, दिल्ली में कोई गठबंधन नहीं होगा. हरियाणा के विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चा चली थी, लेकिन बात नहीं बनी.वहीं दिल्ली में आप और कांग्रेस के गठबंधन को लोकसभा चुनाव में सात में से एक भी सीट नहीं मिली थी. पंजाब में दोनों एक-दूसरे के ख़िलाफ़ चुनावी मैदान में उतरे. दोनों दलों के बीच ये उतार-चढ़ाव वाली दोस्ती आप के बनने के बाद से ही चल रही है.ऐसे में सवाल ये है कि आख़िर बीजेपी के ख़िलाफ़ बने गठबंधन इंडिया में शामिल कांग्रेस और आप साथ क्यों नहीं आ पा रहे? हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप को 1.79 फ़ीसदी वोट मिले थे. वहीं बीजेपी को 39.94 प्रतिशत तो कांग्रेस के खाते में 39.09 प्रतिशत मतदान गया.बीजेपी ने 90 में से 48 सीटें जीतकर सरकार बना ली. वहीं कांग्रेस को 37 सीटों से ही संतुष्ट होना पड़ा. आप का खाता भी नहीं खुला.



ऐसे में देखा जाए तो बीजेपी और कांग्रेस के बीच के वोट में अंतर सिर्फ 0.85 का था.जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में प्रोफेसर रहे अरुण कुमार ने कहा कि आप और कांग्रेस साथ आते तो शायद बीजेपी को हरियाणा में फायदा नहीं होता. आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन नहीं होने के सवाल पर अरुण कुमार ने कहा, दोनों (आप और कांग्रेस) का बेस एक ही है. दोनो चाहते हैं कि हम बढ़े और इस कारण समझौता नहीं हो पाता कि कैसे सहयोग करे.आप बढ़ेगी तो कांग्रेस के क्षेत्र में बढ़ेगी और कांग्रेस बढ़ेगी तो आप का बढ़ना रुक जाएगा. इस कारण दोनों का समझौता दिल्ली में नहीं हो पाता.वो आगे कहते हैं कि हरियाणा में गठबंधन हो जाता तो शायद दोनों (आम आदमी पार्टी और कांग्रेस) को फायदा हो जाता.

साल 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 में से 28 सीटें मिली थी. वहीं बीजेपी 31 सीटों पर जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी. इसके बाद कांग्रेस ने आप का साथ दिया और अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बन गए. दोनों का साथ 50 दिन भी नहीं चल पाया.राजनीति में कुछ भी हो सकता है, लेकिन ये थोड़ा चौंकाने वाला ज़रूर था कि आप ने उस कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाई जिसके ख़िलाफ़ वो प्रचार करके चुनावी मैदान में उतरी.इसके बाद से आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन होता और टूटता रहता है.इस पर वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद जोशी कहते हैं, आप और कांग्रेस तो दिल्ली में लोकसभा चुनाव में ही गठबंधन में लड़े. इसके अलावा दिल्ली में गठबंधन का मौका नहीं मिला.पहली सरकार बनी भी थी तो शीला दीक्षित ने आप को समर्थन दिया भी था, लेकिन शीला दीक्षित को शायद ये अनुमान था कि आप के नेता अपने अंतर्विरोधों में फंस जाएंगे और आखिर में मुंह के बल गिरेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं.उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन हुआ लेकिन इसका कोई फर्क तो नहीं पड़ा और सातों सीट बीजेपी जीत गई.वो कहते हैं, लोकसभा चुनाव में चार और तीन का फॉर्मूला था. मान लीजिए कि विधानसभा चुनाव में 40 और 30 का फॉर्मूला हो.40 में से आप 30 सीटें जीत भी जाती है तो 60 प्लस की तुलना में वो कमजोर हो जाएगी. वरिष्ठ पत्रकार और लेखक रशीद किदवई कहते हैं कि कांग्रेस इस समय कमजोर है.रशीद किदवई ने कहा, भारतीय राजनीति में गठबंधन राजनीतिक मजबूती से होते हैं. कांग्रेस इस समय कमजोर है. खासकर हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव के बाद में साफ जाहिर हो गया कि कांग्रेस अपने बूते पर बीजेपी से टक्कर लेने में सक्षम नहीं है.अरविंद केजरीवाल के बयान से इंडिया गठबंधन के अस्तित्व पर बड़ा प्रश्न चिह्न लग गया है. अरविंद केजरीवाल हरियाणा के चुनाव में चाहते थे कि इंडिया का घटक दल होने के नाते कांग्रेस उनको कुछ स्थान दे, लेकिन कांग्रेस ने अपनी जीत के उत्साह में केजरीवाल की मांग को ठुकरा दिया. केजरीवाल नहीं चाहते हैं कि वो कांग्रेस को दिल्ली में पांच से दस सीटें दे.उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ दुविधा ये है कि अपने बूते दिल्ली में शून्य है. तीसरी बार ऐसा हो सकता है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुले.दरअसल 2015 और 2020 में हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस 70 में से एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसके वोट प्रतिशत में लगातार गिरावट आती गई.

वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद जोशी ने कहा कि आप का उदय तो कांग्रेस के ख़िलाफ़ हुआ.उन्होंने कहा कि पंजाब में एक-दूसरे के ख़िलाफ़ ही दोनों (आप और कांग्रेस) लड़े. हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन नहीं था. आप का विकास जो भी हुआ वो तो कांग्रेस के विरोध के रूप में हुआ. आप के जन्म के समय तो कांग्रेस ही सत्ता में थी. दिल्ली की सत्ता पर 15 साल तक काबिज रहीं शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस 2013 के विधानसभा चुनाव में हार गई. आप के खाते में बीजेपी के नहीं बल्कि कांग्रेस के वोट गए. बीजेपी के दिल्ली में 30 फीसदी से अधिक वोटर बने हुए हैं.2013 के विधानसभा चुनाव में आप को 28 सीटों के साथ 29 फ़ीसदी से अधिक वोट मिले. वहीं बीजेपी का अपना वोट बना रहा और वो 30 प्रतिशत से अधिक मत के साथ 31 सीट जीते. इसके अलावा कांग्रेस को 24 फ़ीसदी से अधिक वोट मिले.

2015 के विधानसभा चुनाव में आप ने 67 सीटें जीती और बीजेपी 3 पर ही सिमट गई. इसमें कांग्रेस का वोट प्रतिशत 10 फीसदी के करीब रहा. बीजेपी का वोट प्रतिशत इसमें भी 30 फ़ीसदी से अधिक बना रहा। वहीं आप को 54 प्रतिशत से अधिक वोट मिले. 2020 में आप को 62 सीटें 53 प्रतिशत से ज्यादा वोट के साथ मिली. वहीं बीजेपी को इस बार 35 फीसदी से अधिक मत मिले, लेकिन इसमें कांग्रेस पांच प्रतिशत के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाई. ये तो दिल्ली में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद ही पता लगेगा कि किसे कितनी सीटें मिलेगी, लेकिन इतना साफ है कि कांग्रेस के लिए राह काफी मुश्किल होने वाली है.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 330 : लक्ष्मण जी अयोध्या की स्मृतियों में खोए, राजा दशरथ ने राम-राम की रट लगाई

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



निषादराज स्वयं भी सुरक्षा को लेकर सजग हैं। स्वयं उनके हाथ में धनुष है और तूणीर में बाण भी हैं।

निषाद राज ने लक्ष्मण जी के पास पहुंचने पर उनसे कहा, ''चिंतित ना होइए लक्ष्मण जी! आप अब विश्राम करें।वैसे भी मैंने अपने सैनिकों को इस स्थान से थोड़ी दूरी पर अलग-अलग निर्दिष्ट स्थलों में नियुक्त कर रखा है और वे रात भर पहरा देंगे।''

लक्ष्मण जी ने कहा, ''धन्यवाद निषाद राज! यह रात का समय है और रात्रि में निशाचरों की शक्ति बढ़ जाती है। मैं आपके सैनिकों की वीरता पर संदेह नहीं कर रहा हूं लेकिन मायावी युद्ध में किसी भी संभावित असुर आक्रमण को निष्फल करने के लिए मेरा सजग रहना आवश्यक है, इसलिए मैं आज की रात जागते हुए ही बिताऊंगा।''

निषाद राज ने कहा, ''अवश्य लक्ष्मण भैया! मुझे ज्ञात है कि मायावी मारीच श्री राम के बाणों से घायल होकर कहीं दूर जा गिरा है। अतः उससे प्रति आक्रमण की आशंका तो रहेगी ही।''

''हां निषाद राज! वैसे भी हम लोग अयोध्या की सीमा से बाहर निकल चुके हैं। अतः वनवास के 14 वर्ष पूरा कर वापस लौट के लिए हमें स्वयं को सुरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक है।'' लक्ष्मण जी ने निषादराज से कहा।

''अवश्य लक्ष्मण जी! फिर भी आप जब चाहें तब विश्राम कर सकते हैं और मैं यहीं बैठा रहकर श्री राम सानिध्य का सुख प्राप्त करता रहूंगा।'' निषाद राज ने वार्ता का समापन करते हुए कहा।

''अवश्य राजन!'' ऐसा कहते हुए लक्ष्मण जी पेड़ के नीचे निषाद राज के बगल में बैठ गए और थोड़ी ही देर में अयोध्या की स्मृतियों में खो गए। उधर अयोध्या के राजप्रासाद में महाराज दशरथ की आंखों में भी नींद नहीं है। वे पीड़ा से बार-बार कराह उठते हैं और राम-राम की पुकार लगाते हैं।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

# कोई तो चाहिए दोष मढ़ने के लिए

सामयिक लेख पढ़कर
हामी में सिर हिलाते हुए,
बानी बोले - सचमुच मैं भी
यही प्रश्न करता हूँ गजाधर!
''चुनाव हारते ही ईवीएम
क्यों हो जाता है निशाने पर?''
गजाधर मुस्कराए, पूछा-''तो तुम्ही बताओं,
वे किसको ले निशाने पर?
देखो, लोकतंत्र में जहॉ
मतदाता 'किंग मेकर' होते हैं,
उस पर तो अपनी पराजय का दोष
मढ़ नहीं सकते हैं।
और न ही अपनी कमजोरियों,
अपनी वही-वही गलतियों को,
सबके सामने, जाहिर कर सकते है।
और फिर, विरोधियों की हो गई है अब,
दमदार संगठित पार्टी,
उनका प्रचार तंत्र, काबिले तारीफ।
कार्यकर्त्ताओं में भी गजब की एकजुटता
कोई उन पर दोष लगा नहीं सकता।
तो अपनी हार से
आकुल-व्याकुल नेता सोचता है -
इस हार का ठीकरा,
किस पर फोड़े हम?
तब उसे दिखता है बस एक-
इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन
यानी ईवीएम।''



गिरीश बख्शी

## शब्द सामर्थ्य -254

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू- दोकू क्र.254

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र253 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा।



**वृष राशि**

आज आपके दिन की शुरुआत शांत मन होगी। आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने के योग हैं। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपको महसूस होगा की परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व है। आपको ऐसी जगह से महत्वपूर्ण बुलावा आएगा, जहां से आपने कभी कल्पना भी नहीं की हो। जीवन साथी की वजह से आपकी कोई योजना या कोई कार्य बन सकता है, लेकिन धैर्य बनाए रखें।



**सिंह**

आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आएंगे।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए दिन बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।



**तुला**

आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। अपने माता-पिता से आप अपने मन की बातों को साझा करेंगे। जो लोग घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं, वो आज अपने परिवार से मिल सकते हैं। परिवार वालों के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी। भाई, बहनों का सहयोग मिलेगा।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें, मौसम में परिवर्तन की वजह से थोड़ी परेशानी हो सकती है। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के विवाद में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।



**धनु**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा। आज आप किसी थीम पार्क घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं।



**मकर**

आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आपकी उदासी की वजह आपकी नेगेटिव सोच हो सकती है। आपको परिवार में फिर से खुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द से जल्द इस से बाहर आने की जरूरत है। बच्चे उम्मीदों पर खरे ना उतर कर आपको निराश कर सकते हैं। आपको वाहन सुख मिलेगा।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।



**मीन**

आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे। कोई नया अनुभव आपको मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए।

## कविता

# // दिल से टूटी नदी //

तप्त धूप से सूखी नदी।
लगी ज्यों अब रूठी नदी।
नहीं दिखते उनके किनारे,
खोयी-खोयी सी दिखी नदी।
बूँद भर पानी नहीं है,
लगती दिल से टूटी नदी।
कचरों से पट गयी बपुरी,
अपने हाल पर दुखी नदी।
छलछलाते सपने खो गये,
अकेली मासूम अधूरी नदी।

टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''

# रविदास अहिरवार समाज का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। जिला रविदास अहिरवार समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 1 दिसंबर रविवार को रविदास नगर वार्ड नंबर 21 डोंगरगढ़ में रखा गया था। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे थे।विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, सर्व रविदास समाज के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरे, बालाराम कोलते, प्रकाश चौधरी, मंजू टांडेकर, के एल चौधरी, सतीश टांडेकर अध्यक्ष रविदास समाज जिला खैरागढ़, सौखी अहिरवार, कुमार खरे, जयपाल गातरे, चंद्रकांत बेदानी, कैलाश कन्नौजे, विजय चौरे, होरीलाल अहिरवार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारीगण तथा सामाजिक बंधुगण उपस्थित रहे। सामाजिकगणों ने सांसद संतोष पांडे का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। विभिन्न जिला क्षेत्र रायपुर बिलासपुर दुर्ग भिलाई चौकी मोहल्ला खैरागढ़ गंडई कवर्धा बेमेतरा राजनांदगांव डोंगरगढ़ डोंगरगांव क्षेत्र से पधारे गणमान्य लोगों के गरिमामय उपस्थिति में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। विशाल जन समूह के सानिध्य में शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सांसद संतोष पांडे द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष राम सिंह खरे, संरक्षक केदार राम कोरे, कार्यकारी अध्यक्ष देवारूराम मालेकर, उपाध्यक्ष शत्रुघ्न बाघसवार, रामदीन जगने, अशोक मालेकर, नंदकुमार मालेकर, सचिव श्याम सुंदर हठीले, सहसचिव चंद्रशेखर मालेकर, कोषाध्यक्ष मोहनलाल बघेल ,जिला प्रवक्ता रतिराम कन्नौजे, संगठन सचिव हिठोवा चौहान, प्रचार प्रसार सचिव लव मालेकर, मीडिया प्रभारी पल्लव कोरे, रविन्द्र टांडेकर, कार्य योजना प्रमुख विजय कुमार मालेकर, मुख्य सलाहकार हेमनाथ जगत, नीलेश गात्रे एवं कार्यकरणी सदस्य डोंगरगढ़ ब्लॉक कन्हैयालाल खरे, आकाश कन्नौजे, अनिल कन्नौजे, सतीश कन्नौजे, पारस टांडेकर, डोंगरगांव ब्लॉक धरम मालेकर, संतु चौरे, दुर्गेश मालेकर, आनंदराम झूलेकर, भुवन चौरे, भगवानी कन्नौजे, छुरिया ब्लॉक राकेश जगनित, तिजऊ राम कोरे, कृष्णा चौरे, विष्णु टांडेकर, महेंद्र चौरे,राजनांदगांव ब्लॉक मोहित टांडेकर, शत्रुघ्न कन्नौजे, संतु भांडेकर,वरिष्ठ समाज सेवी लक्ष्मण जगने, मदन चौरे, मनराखन कन्नौजे, मुख्य पुजारी रामदास मालेकर आदि को शपथ दिलाई गई।

**सामाजिक भवन के लिए मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे ने 7 लाख रुपए की स्वीकृति दी**

संत रविदास समाज के शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे ने उपस्थित सामाजिकगणों के साथ-साथ क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धर्मनगरी डोंगरगढ़ के चौमुखी विकास के लिए वे कृत संकल्पित है। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। पूर्व में स्वीकृत करोड़ों रुपए के विकास कार्य का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। वही वाय शेप ओवर ब्रिज की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही नीचे मंदिर के सामने से अंडर ब्रिज के नर्माण हेतु राशि की स्वीकृति करा ली जाएगी। परिक्रमा पथ एवं बाईपास मार्ग के निर्माण कार्य प्रारंभ करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

रविदास समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष रामसिंह खरे द्वारा सामाजिक गणों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे समाज प्रमुख के रूप में समाज की जवाबदारी दी है, उसे मैं 100 प्रतिशत तन-मन-धन से समाज के सर्वांगीण विकास का प्रयास करूंगा। आप सभी के साथ एवं सहयोग से समाज की दिशा ओर दशा सुधारने का कार्य किया जाएगा। अध्यक्ष श्री खरे द्वारा मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडे को डोंगरगढ़ समाज की स्थिति से अवगत कराते हुए समाज के लिए सामाजिक भवन की मांग की गई। जिसे श्री पांडे द्वारा सहर्ष स्वीकार करते हुए भवन निर्माण हेतु अनुदान राशि रु.7 लाख की घोषणा की गई। और समाज को आश्वासन भी दिया गया कि भवन निर्माण की जिम्मेदारी मेरी है।

# भानबती का नेशनल कबड्डी चैम्पियनशीप के लिये चयन



डोंगरगढ़ (दावा)। 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ कबड्डी की बालक/बालिका 14 वर्ष का आयोजन आगामी 10 से 12 दिसम्बर तक अमरावती (महाराष्ट्र) में होने जा रही है।

जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंगलानी की छात्रा कुमारी भानबती चंद्रवंशी का चयन हुआ है। अब ये छात्रा छत्तीसगढ़ की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत ग्राम कोहलाकसा की रहने वाली भानबती चंद्रवंशी गांव में ही अपना अभ्यास करती है। जहाँ पर उन्हें अनुभवी कोच मनोज कुमार साहू द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। ग्राम कोहलाकसा से पिछले ही वर्ष सेवती यादव का नेशनल के लिये चयन हुआ और इस बार फिर से ग्राम कोहलाकसा से ही नेशनल स्तर पर चयन होने पर जिला कबड्डी संघ राजनांदगांव के सचिव तुलसी राम मंडावी, ग्राम पटेल जनक कुंजाम, ग्राम विकास संस्थान के अध्यक्ष भूपेंद्रकुमार यादव, किशोरी लाल साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुंगलानी के प्रधान पाठक एम.एल.देवांगन, शिक्षक रामदयाल जोशी, घनश्याम साहू ऐनु राम अम्बादे सर, ने छात्रा को बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पहला कॉलम...

## हेमंत ठाकुर समाजसेवक संघ के अम्बागढ़ चौकी के तहसील अध्यक्ष बने



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। चौकी-मोहला-मानपुर के जिलाध्यक्ष मनीष खंडेलवाल ने संघ के संयोजक संजीव सिंघल की अनुशंसा पर एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कु. स्वाति देवांगन की सहमति से हेमंत ठाकुर जो शासकीय सेवा में अंग्रेजी के व्याख्याता हैं को अम्बागढ़ चौकी तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया है, साथ ही उन्होंने जिला दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष एवं योगाशक्ति संगठन के सलाहकार ज्योतिष कुमार कुंभकार को सचिव एवं गिरधर कुमार को सह-सचिव नियुक्त किया है।

## ग्राम भांठागांव में चार सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भांठागांव में चार सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 10 लाख 40 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

## महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पदों पर हुई नई नियुक्तियां

**विकेश रानी रश्मि देवी, मोनिका कन्या महाविद्यालय**



खैरागढ़ (दावा)। जिले के प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ के वाणिज्य और श्रम उद्योग एवं श्रम विभाग मंत्री लखन लाल देवांगन की अनुशांसानुसार पर कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा द्वारा जिले के शासकीय महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर नई नियुक्तियां की गई है।। जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता विवेक गुप्ता खैरागढ़ को रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़, वार्ड नंबर 06 बरेठपारा की पार्षद मोनिका रजक खैरागढ़ को नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय खैरागढ़, दिनेश ठाकुर डुमरडीह को नवीन शासकीय महाविद्यालय ठेलकड़ीह, राजेन्द्र ताम्रकार बाजार अतरिया को नवीन शासकीय महाविद्यालय बाजार अतरिया, महेश नारकर छुईखदान को वीरांगना अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय छुईखदान, यतीश कुंजाम छुईखदान को स्व देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई, महेन्द्र यादव रामपुर को रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय साल्हेवारा और जयप्रकाश साहू करमतरा को नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा के जनभागीदारी अध्यक्ष पद नियुक्ति मिली है।

## दो दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर संपन्न




डोंगरगढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़ में 30 नवंबर को दो दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एस आर कुजूर एवं शिविर अनुरक्षकों द्वारा लॉर्ड बेडेन पावेल की तस्वीर पर माल्यार्पण पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्ज्वलन कर दो दिवसीय कैंप का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कुजूर ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को स्काउट का महत्व बताते हुए जीवन में श्रेष्ठ एवं अनुशासित नागरिक, उत्कृष्ट कार्य, टीम भावना, समाज सेवा, नेतृत्व कौशल, आत्मनिर्भरता आदि में बढ़-चढ़कर योगदान हेतु प्रोत्साहित किया साथ ही स्काउट प्रभारी आर. कटकवार द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तार से प्रस्तुत की! प्रशिक्षण के दौरान एडवांस स्काउट गाइड संतोष कुमार के द्वारा प्रवेश पाठ्यक्रम एवं आर.के. कटकवार द्वारा प्रथम सोपान तथा वरिष्ठ शिक्षक संजू नागदेवे द्वारा द्वितीय सोपान पाठ्यक्रम और गाइड प्रभारी श्रीमती शांति विश्वकर्मा द्वारा अन्य गतिविधियों में विशेष योगदान देकर पूर्ण किया।शिविर के अंतर्गत 35 गाइड एवं 56 स्काउट प्रतिभागी तथा 4 अनुरक्षक शिक्षकों के द्वारा दो दिवसीय कैंप सफल रहा जिसमें सफल हुए प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए तत्पश्चात संतोष कुमार एवं संजू नागदेवे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# शराब दुकान के पास चाकूबाजी कर फरार विधि से संघर्षरत बालक को भेजा गया बाल सम्प्रेषण गृह



खैरागढ़ (दावा)। जिला शराब दुकान के पास चाकूबाजी कर फरार विधि संघर्षरत बालक को भेजा गया बाल संप्रेषण गृह। जिला केसीजी पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा पु से) के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक नितेश कुमार गौतम, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लाल चंद मोहले के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में चंद घंटों के अंदर चाकूबाजी करने वाले विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया रविवार 1 नवंबर को प्रार्थी खोमलाल पटेल पिता सोमनाथ पटेल उम्र 38 साल निवासी ग्राम दैहान का निवासी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रविवार 1 नवंबर को शाम करीबन 7:30 बजे शराब लेने के लिये देशी शराब भट्ठी खैरागढ में मै अपने दोस्त संजय वर्मा गये थे। जहां पर संजय वर्मा शराब लेने के लिए शराब भट्ठी में खड़े थे, उसी समय 3 लड़के आये एक लड़का संजय वर्मा के पैंट के जेब में हाथ डालकर पैसे निकालने का प्रयास कर रहा था। संजय द्वारा पकड लेने पर उसने उसे मुक्का से मारा उसके एक साथी ने चाकू से संजय के पीठ पर हमला किया और घटना कर तीनों भाग गये। चाकू लगने से संजय वर्मा दर्द के कारण वहीं बैठ गया। उपस्थित लोगों द्वारा डायल 112 को कॉल कर बुलाये व इसके बाद डॉयल 112 के द्वारा सिविल अस्पताल खैरागढ़ में भर्ती कराया गया प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ में अपराध क्रं 486/24 धारा 118(1) 119(1) 304(2), 3(5) भा.न्या.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही घेराबंदी कर घटना में लिप्त विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया, जिसे नियमानुसार विस्तृत पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। जिसे किशोर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार विधिसंर्घरत बालक को बालसंप्रेक्षण गृह भेजा गया। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की पता तलाश की जा रही है। उक्त कार्यवाही मे पदस्थ सउनि. झगरूराम बांधे, प्रधान आरक्षक शिवलाल वर्मा, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक रमाकांत उपाध्याय का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# नाबालिग के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी गिरफ्तार




राजनांदगांव (दावा)। घुमका थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक नाबालिग के साथ प्रेम प्रसंग की बात कह उससे छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। घुमका थाना प्रभारी बसंत कुमार ने बताया कि आरोपी द्वारा नाबालिग को प्रेम प्रसंग है कहकर जबरदस्ती छेडछाड़ करता था। पीड़िता की रिपोर्ट के बाद तत्काल नाबालिक से छोडछाड करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम गुलशन वर्मा पिता रोहित वर्मा उम्र 19 साल निवासी बरबसपुर बताया जाता है जो नाबालिग पीड़िता को लगातार परेशान करता था।

बताया गया कि विंगत 6 मई की सुबह करीबन 9.30 बजे गुलशन वर्मा पिता रोहित वर्मा निवासी बरबसपुर प्रार्थियां के घर चला गया जहां उसके माता-पिता काम पर गये थे घर पर कोई नहीं था तब गुलशन के द्वारा नाबालिग प्रार्थियां को गंदा काम करने के लिए प्रेरित करने लगा, तब मना करने पर भी नहीं मान रहा था गुलशन वर्मा जबरदस्ती प्रार्थियां के हाथ-बाह को पकड़ा था। उसके बाद भी आरोपी गुलशन लगातार उसको मानसिक तनाव देता था व कालेज आने पर क्लास में बैठने नहीं देता था और कालेज से बाहर में निकलने के लिए मजबूर करता था। बताया गया कि लगातार आरोपी गुलशन के द्वारा अलग-अलग नंबरों से पीड़िता के मोबाईल नं में संपर्क कर उसे परेशान करता है।

उक्त संबंधी लिखित आवेदन किए जाने पर आरोपी के विरूद्ध थाना घुमका द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। घुमका पुलिस के द्वारा आरोपी को ग्राम बरबसपुर से सोमवार 2 दिसंबर को गिरफतार कर जिला न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना घुमका से थाना प्रभारी श्री बघेल सहित सउनि कोदूराम नागवंशी, नंदनी ठाकुर, आरक्षक चन्द्रप्रकाश साहू, गोवर्धन कंवर, हिरेन्द्र देशमुख, महिला आरक्षक पूजा रहेकवार की भूमिका सराहनीय रही।

# डुमरडीहकला में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् देवी भागवत, चंडी यज्ञ का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। डुमरडीहकला में 9 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत एवं चंडी यज्ञ का शुभारंभ पीठ स्थापना, कलश यात्रा, वेदीपुजन, देवी भागवत महात्म्य (महिमा) के साथ कथा प्रारंभ किया गया। चंडी यज्ञ माता की मूर्ति स्थापना कर देवी-देवताओं को आव्हान कर यज्ञ प्रारंभ आचार्य पं. युवराज पाण्डेय, श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर द्वारा कराया गया।

मुख्य जजमान के रूप सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर-सुनीता ठाकुर है। कथा में आचार्य पं. युवराज पाण्डेय में अपने कथा में बताया कि श्रीमद् देवी भागवत एवं चंडी यज्ञ बिना माता के आशीर्वाद के बिना संभव नहीं है, हम सिर्फ संचालन करते है। आचार्य ने श्रीमद् देवी भागवत की महिमा कथा के माध्यम से बताया। कलश यात्रा में छत्तीसगढ़ लोक पारंपरिक सुप्रसिद्ध गायक खिलेश यादव ने प्रस्तुति दिए। आचार्य पं. युवराज पाण्डेय के साथ 11 सहयोगी पंडित के रूप में चंडी यज्ञ करवा रहे है।

प्रथम दिवस कथा श्रवण करने डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोदनी लहरे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, पूर्व सरपंच रामखिलावन पाल, गंभीर साहू, पप्पू नेताम, प्रमोद वर्मा, ग्राम पटेल क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणजन कथा का रसपान किये।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन डोंगरगढ़ और गोंदिया की टीम ने जीत हासिल की



**डॉक्टर इलेवन के तत्वाधान में आयोजित की गई है प्रतियोगिता**

डोंगरगढ़(दावा) । शहर के हृदय स्थल हाई स्कूल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मैच डोंगरगढ़ इलेवन और बालोद की टीम के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें डोंगरगढ़ की और से शिवेंद्र यादव द्वारा खेल के, 23 वें मिनट में गोल करके डोंगरगढ़ की टीम को बढ़त दिलाई और यह बढ़त मैच के अंत तक बनी रही। डोंगरगढ़ की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता डॉक्टर इलेवन टीम द्वारा आयोजित की गई है।

पहले मैच के मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के अध्यक्ष उत्तम समुद्रे, उपाध्यक्ष दीपक साखरे, कोषाध्यक्ष महेश सहारे, ऋषि शर्मा सहित पत्रकारगण के अलावा सम्मानित जन उपस्थित रहे। दूसरा मैच गोंदिया और कांदरी की टीम के मध्य हुआ दोनों टीमों ने 1-1 गोल करके बराबरी कर लिया था, मैच का निर्णय पेनेल्टी शूट आउट से हुआ। जिसमें गोंदिया की टीम ने 4-2 से विजय हासिल किया। पहले मैच के रेफरी मयूर हथेल दूसरे मैच के रेफरी सौरभ डे रहे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी मुन्नालाल नंदेश्वर, अरविंद विश्वाश, क्रांतिकुमार नामदेव राकेश बघेल सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी के स्टाफ ने किया मितानिनों का सम्मान

**मितानिन स्वास्थ्य विभाग के अभिन्न अंग**



गंडई पंडरिया (दावा)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल, बीपीएम बृजेश ताम्रकार के मार्गदर्शन पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पेंडरवानी (गंडई) में सेक्टर के अंतर्गत आने वाले मितानिन दीदियों का मितानिन दिवस 23 नवंबर के अवसर पर अस्पताल प्रभारी व स्टाफ के द्वारा उपस्थित समस्त दीदियों का तिलक लगाकर श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सक आर.एम.ए मोहम्मद इरशाद खान, शबाना खान, डी.के.देशलहरे, सेक्टर सुपरवाइजर लामा सिस्टम, रशीदा बेगम, शगुन कश्यप, आर.एच.ओ.मनीष श्रीवास्तव, सी.एस.ओ. ललित लोधी, दीपक रजक, लक्ष्मी नारायण, जुलेखा, प्रीति सेन, इसके अलावा मितानिनों में नेम निर्मलकर ब्लॉक समन्वयक, तारा पटेल, रजनी श्रीवास्तव, नंदिनी साहू, अनीता रजक, मोतीम साहू, निर्मला दीदी सहित अन्य मितानिन उपस्थित रहे।

# कंगलुटोला के दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर, राजस्व विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया



अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत मोहला विकासखंड के ग्राम कंगलुटोला के दर्जनों ग्रामीण सोमवार दोपहर साढ़े 12 बजे तहसील कार्यालय का घेराव किया और राजस्व विभाग के विरुद्ध नारे बाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम की महिला कोटवार ने ग्राम में स्थित 10 एकड़ सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा है वही ग्रामीणों ने कोटवार द्वारा किए गए कब्जा को राजस्व विभाग की मिली भगत का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मामले को लेकर पूर्व में कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत किया गया था जिसके उपरान्त भी प्रशासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई है जिसके कारण हम ग्रामीणों को राजस्व प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ रहा है। मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही। घंटो प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार दिनेश साहू मोहला के द्वारा आश्वाशन के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया और कहा की अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगे हम बड़ा आंदोलन करेंगे। दिनेश साहू, नायब तहसीलदार, मोहला ने बताया कि इस मामले में पूर्व में ही न्यायालय तहसीलदार मोहला में 25 नवंबर को मामला दर्ज किया जा चुका है।

# कांग्रेस का दीवाली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**सरपंच, जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य बनाने जुट जायें- दलेश्वर**



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के बैनरतले 30 नवंबर को त्रिवेणी संगम परिसर सोनेसरार में तथा 01 दिसंबर को सूखानाला बैराज में दीपावली मिलन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. कांग्रेस के जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, बूथ प्रभारी सहित प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में विधायक दलेश्वर साहू ने कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद करते हुए दीवाली की बधाई व शुभकामनाएँ दी. विधायक ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलते हुए अपने पार्टी के अपने बीच से ही सर्वप्रिय व सक्रिय व्यक्ति को ही जनप्रतिनिधि बनाने का सुझाव देते हुए एक बार फिर से सक्रिय हो जाने का आव्हान किया. त्रिवेणी संगम सम्मेलन में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा ने आभार व्यक्त किया. सूखानाला बैराज सम्मेलन में जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने आभार व्यक्त किया।

सम्मेलन में ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, पूर्व अध्यक्ष मोहन अय्यर, पूर्व अध्यक्ष बलीराम साहू, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, किसान नेता मदन साहू, गणेश साहू, मुरली निषाद, कमल नारायण वैष्णव, संतोष ठाकुर, बिसंभर साहू, लोकेश सिन्हा, ऐश्वर्य जंघेल, लीलम गोस्वामी, वारेन साहू, लोकेश निषाद, टाकेश साहू, जनपद सदस्यगण मोहनीश साहू, दिबिका साहू, मोनिका साहू, व नरबद चंद्रवंशी, रेवाराम साहू, जमुना साहू के अलावा जनपद सदस्यगण एवं निकाय के पार्षदगण विशेष तौर पर सम्मिलित हुए. इस दौरान सभी वक्ताओं ने सक्रियता पर जोर दिया. उक्त सम्मेलन में राजाराम पंचारी, प्रेम सिन्हा, भूषण देवांगन, शिव निषाद, रोशन साहू, मयंक यदु, प्रमोद साहू, बंटी सोनटेके, किशोर बनाफर, पुरुषोत्तम साहू, हेमनारायण साहू, डामन साहू, अमर साहू, मोहन मंडल, केशव निषाद, भरत साहू, इंद्रकुमार, चेतन मानिकपुरी, बंशी वर्मा, टेकचंद वर्मा, प्रेम पटेल, गणेश सिन्हा व चुम्मन साहू सहित कांग्रेसी शामिल हुए।

# पहला कॉलम...

## मेक्सिको में बंदूकधारियों ने बरसाई अंधाधुंध गोलियां, 8 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी । उत्तर-मध्य मेक्सिको में सड़क किनारे एक दुकान के पास बंदूकधारियों ने ग्राहकों और राहगीरों पर गोलियां बरसा दीं जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। गोलीबारी अपेसियो एल ग्रांडे शहर में हुई है। इस प्रांत में गिरोहों के बीच गोलीबारी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। फायरिंग की चपेट में आने से एक पुरुष और महिला घायल भी हुए हैं। घायलों की हालत के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, गोलीबारी में एक स्वास्थ्यकर्मी की भी मौत हो गई है। हालांकि, मीडिया ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि स्वास्थ्यकर्मी हमले में मारे गए लोगों में से एक था या नहीं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल के बीच पुरुषों के शव देखे जा सकते हैं जिनके सिर पर चोट के निशान नजर आ रहे थे। बता दें कि, बीते माह नवंबर में मेक्सिको के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में बंदूकधारियों ने एक बार में अंधाधुंध गोलियां बरसाईं थीं। फायरिंग की यह घटना तटीय प्रांत तबास्को में हुई थी। इस हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी और पंच अन्य घायल हुए थे। इतना ही नहीं, नवंबर महीने की शुरुआत में ही मिडिल मेक्सिको में एक बार में बंदूकधारियों ने गोलीबारी की थी जिसमें 10 लोग मारे गए थे और 13 अन्य घायल हुए थे।

## अडाणी ग्रुप के इस शेयर में जबरदस्त उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर सोमवार को शुरुआती कारोबार में करीब 9 प्रतिशत तक चढ़ गया। बीएसई पर लिस्ट अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड का शेयर सुबह करीब 9 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1445 रुपये के भाव पर पहुंच गया। हालांकि, अडाणी ग्रीन के शेयरों में ये तूफानी तेजी ज्यादा देर तक कायम नहीं रही और इसमें तेजी से गिरावट आने लगी। दोपहर 01.24 बजे तक कंपनी के शेयर 9.15 रुपये (0.69त्न) के नुकसान के साथ 1315.40 रुपये के भाव पर ट्रेड कर रहे थे।अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर, पिछले हफ्ते शुक्रवार को 1324.55 रुपये के भाव पर बंद हुआ था। कंपनी के शेयरों ने आज जबरदस्त तेजी के साथ 1364.00 रुपये के भाव पर कारोबार शुरू किया। खबर लिखे जाने तक कंपनी के शेयर 1445.00 रुपये के इंट्राडे हाई से लेकर 1301 रुपये के इंट्राडे लो तक पहुंच चुके थे। इससे ये साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में आज किस लेवल का उतार-चढ़ाव चल रहा है।अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयरों का 52 वीक हाई 2173.65 रुपये है।

## रूसी और सीरियाई विमानों द्वारा बमबारी तेज, 25 लोगों की हुई मौत

रायटर्स, अम्मान। सीरिया में विद्रोही गुट ने देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो और इदलिब के आधे से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। रूस ने इस संघर्ष में असद सरकार का समर्थन किया है, जिससे अलेप्पो की स्थिति और भी खराब हो गई है। विद्रोहियों के नेतृत्व में एक बड़े हमले में 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक विद्रोही गुट में हयात तहरीर अल-शम और उसके सहयोगी संगठन शामिल हैं। इन्हें अलकायदा का समर्थन हासिल है। साल 2016 में सीरियाई सेना ने विद्रोहियों को खदेड़ दिया था। 8 साल बाद ऐसा फिर हो रहा है जब विद्रोही गुटों ने अलेप्पो पर कब्जा करने जा रहे हैं। उत्तर-पश्चिमी सीरिया में 25 लोगों की मौत वहीं, सीरियाई विपक्ष द्वारा संचालित बचाव सेवा व्हाइट हेल्मेट्स ने सोमवार को बताया कि सीरियाई सरकार और रूस द्वारा किए गए हवाई हमलों में उत्तर-पश्चिमी सीरिया में कम से कम 25 लोग मारे गए हैं।

## 'जीप' कंपनी के सीईओ कार्लोस टैवारेस ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली । क्रिसलर, जीप, फिएट और प्यूजो सहित नामी-गिरामी ब्रांडों की कार बनाने वाली कंपनी स्टेलांटिस के सीईओ कार्लोस टैवारेस ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने रविवार को बताया कि कार्लोस ने बोर्ड के साथ मतभेदों, निराशाजनक बिक्री और सीईओ पद से हटाने की मांग उठने के बाद पद छोड़ने का फैसला किया। स्टेलेंटिस की बिक्री में भारी गिरावट, डीलरों के पास बिना बिके वाहनों की अधिकता, कई संयंत्रों में छंटनी, और यूनाइटेड ऑटो वर्कर्स यूनियन (जो इसके अमेरिकी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है) से इस्तीफे की मांग के बाद कार्लोस टैवारेस ने पद छोड़ा है । इसके अलावे, अमेरिकी डीलरों की एक परिषद की ओर से भी उनके कार्यकाल की तीखी आलोचना की गई थी। स्टेलांटिस के वरिष्ठ स्वतंत्र निदेशक हेनरी डी कैस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि टैवरेस और स्टेलांटिस के निदेशक मंडल के ÷विचार अलग-अलग थे÷, जिसके कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा।

## विश्व शतरंज चैंपियनशिप में लिरेन-गुकेश बराबरी पर आज सातवें दौर पर फिर होंगे आमने-सामने

**सिंगापुर। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश गत चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व शतरंज चैंपियनशिप में छठे दौर तक कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके हैं, लेकिन उन्होंने चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी को बराबरी पर रोके रखा है। गुकेश और लिरेन के बीच छठे दौर की बाजी समाप्त होने के बाद मुकाबला टक्कर का चल रहा है और फिलहाल दोनों के तीन अंक हैं। गुकेश और लिरेन के बीच पिछली तीन पारियां ड्रॉ रही थी और अब**




**मंगलवार को सातवें दौर में दोनों आमने-सामने होंगे। इस दौरान गुकेश और लिरेन की नजरें जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी।**

18 वर्षीय गुकेश सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद पहली बाजी हार गए थे, लेकिन दूसरी बाजी इस भारतीय खिलाड़ी के लिए आत्मविश्वास बढ़ाने वाली थी क्योंकि चीन के खिलाड़ी ने जीत के लिए किसी तरह का प्रयास नहीं किया और आसान ड्रॉ होने दिया।

गुकेश ने लिरेन की गलती का फायदा उठाकर तीसरी बाजी जीतकर अच्छी वापसी की लेकिन इसके बाद अगली तीन बाजियों में किसी भी खिलाड़ी ने जोखिम लेना उचित नहीं समझा और आपस में अंक बांटे। यह मुकाबला 14 दौर का है तथा जो भी खिलाड़ी पहले 7.5 अंक बनाएगा वह विश्व चैंपियन बनेगा।

अभी तक दोनों खिलाड़ियों ने जिस तरह का खेल दिखाया है उसे देखते हुए किसी को भी प्रबल दावेदार नहीं माना जा सकता। गुकेश मंगलवार को सातवीं बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे। वह इसका फायदा उठाकर चीन के खिलाड़ी पर दबाव बनाना चाहेंगे। गुकेश अगली तीन बाजियों में से दो बाजी सफेद मोहरों से खेलेंगे और अगर उन्हें विश्व चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाने हैं तो उन्हें इनमें अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा।

## हिंदू नेता चिन्मय दास की जमानत याचिका पर आज सुनवाई

ढाका। बांग्लादेश की एक अदालत ने पिछले सप्ताह राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की जमानत पर सुनवाई के लिए तीन दिसंबर की तारीख तय की है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। बता दें कि इस्कॉन मंदिर बांग्लादेश के पूर्व पुजारी को चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया है। तब से हिंदू समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। रविवार को बांग्लादेश की पुलिस ने चिन्मय दास से जेल में मुलाकात करने वाले दूसरे हिंदू पुजारी श्याम प्रभु को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे माहौल और बिगड़ गया है।



चटगांव के अतिरिक्त उपायुक्त मोफिज-उर-रहमान के अनुसार, मंगलवार की सुनवाई मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफ-उल-इस्लाम द्वारा की जाएगी। चटगांव की अदालत के एक अधिकारी ने बताया कि सुनवाई की तारीख पहले ही तय कर दी गई थी, लेकिन बुधवार और बृहस्पतिवार को वकीलों की हड़ताल के कारण घोषणा में देरी हुई। च्बीडीन्यूज24 डॉट कॉमज् की रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। च्बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोतज् के प्रवक्ता दास को सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

## गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान फैंस के बीच हुई झड़प, 100 से ज्यादा लोगों की मौत

कोनाक्री (गिनी)। गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एन%जेरेकोर में एक फुटबॉल मैच के दौरान प्रशंसकों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान झड़प में दर्जनों लोग मारे गए। इस घटना की जानकारी अस्पताल सूत्रों ने एएफपी को रविवार को दी। एक डॉक्टर ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, अस्पताल में जहां तक नजर जाती है, शव कतारों में पड़े हैं। अन्य लोग गलियारे में फर्श पर पड़े हैं। मुर्दाघर भरा हुआ है।



उन्होंने कहा कि करीब 100 लोग मारे गए हैं, स्थानीय अस्पताल और मुर्दाघर में शव भरे पड़े हैं। एक अन्य डॉक्टर ने कहा कि दर्जनों लोग मरे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में मैच के बाहर सड़क पर अराजकता का दृश्य और जमीन पर बड़ी संख्या में शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसकी पुष्टि एएफपी तत्काल नहीं कर सका।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने एन%जेरेकोर पुलिस स्टेशन में भी तोड़फोड़ की और आग लगा दी। एक प्रत्यक्षदर्शी ने एएफपी को बताया, यह सब रेफरी के विवादित फैसले से शुरू हुआ। फिर प्रशंसकों ने मैदान पर हमला कर दिया। उन्होंने सुरक्षा कारणों से अपना नाम गुप्त रखने की मांग की। स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह मैच गिनी के जुंटा नेता मामादी डौम्बौया के सम्मान में आयोजित एक टूर्नामेंट का हिस्सा था, जिन्होंने 2021 में तख्तापलट करके सत्ता हथिया ली थी और खुद को राष्ट्रपति बना लिया था। डौम्बौया ने सितंबर 2021 में राष्ट्रपति अल्फा कोंडे को अपदस्थ करके बलपूर्वक सत्ता पर कब्जा कर लिया, जिन्होंने तत्कालीन कर्नल को एक कुलीन बल का प्रभारी बनाया था, जिसका काम राज्य के प्रमुख को ऐसे तख्तापलट से बचाना था

## भारत ने जापान को 211 रनों से रौंदा, हासिल की पहली जीत

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जापान को 211 रनों से मात देकर अंडर-19 एशिया कप में अपनी पहली जीत हासिल की है। टीम इंडिया ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 339 रन बनाए थे। जापान की टीम पूरे ओवर खेलने में तो सफल रही, लेकिन आठ विकेट खोकर 128 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी में भारत के लिए मोहम्मद अमान ने शानदार शतक जमाया और 122 रनों की पारी खेली। कुमार कार्तिकेय ने 57 रन बनाए। गेंदबाजी में भारत के लिए चेतन शर्मा, हार्दिक राज, और कार्तिकेय ने दो-दो विकेट लिए। युधाजीत गुहा को एक सफलता मिली। एक बल्लेबाज रन आउट हुआ। जापान की तरफ से हुगो केली ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए।




### भारत ने खड़ा किया रनों का पहाड़

कप्तान की 122 रन की पारी की बदौलत टीम इंडिया ने स्कोरबोर्ड पर 339 रनों का पहाड़नुमा स्कोर खड़ा कर दिया. यह अंडर-19 एशिया कप में सबसे बड़ा टोटल था. इससे पहले ये रिकॉर्ड यूएई के नाम था जिसने जापान के खिलाफ स्कोरबोर्ड पर 325 रन टांग दिए थे. केपी कार्तिकेय ने भी शानदार फिफ्टी ठोक टीम को इस स्कोर तक पहुंचाने में बहुमूल्य योगदान दिया

### 128 पर रुकी जापान की टीम

भारत को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 43 रन की हार का सामना करना पड़ा था. लेकिन टूर्नामेंट में टीम इंडिया की तरफ से पहली जीत जापान के खिलाफ आई. देखना दिलचस्प होगा किया क्या भारतीय टीम जीत की लय को बरकरार रखने में कामयाब होती है या नहीं. जापान के खिलाफ जीत के बाद कप्तान अमान पर खूब चर्चा हुई.

## चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर शोएब का विवादित बयान, कहा...

कराची । पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विवाद को लेकर भारत और आईसीसी के रुख से सहमत नहीं हैं। इसके अलावा वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के आगामी टूर्नामेंट्स के लिए टीम को भारत नहीं भेजने के फैसले से भी खुश नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी पक्षों के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गई है, लेकिन पीसीबी ने अपनी मंजूरी पर मुहर लगाने के लिए कुछ मांगें और शर्तें रखी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार रखने वाले पीसीबी पूरे टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान में करने पर आमादा है, लेकिन आईसीसी के साथ हालिया बैठक में उन्होंने अपना रुख नरम किया है। हालांकि, पीसीबी ने कथित तौर पर भारत में आयोजित होने वाले सभी आईसीसी आयोजनों को भी एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने की मांग की है। अब इस पर शोएब अख्तर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अख्तर ने एक पाकिस्तानी चैनल से बात करते हुए रेवेन्यू के ज्यादा हिस्से की मांग पर पीसीबी के रुख से सहमति व्यक्त की क्योंकि टूर्नामेंट अब एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, वह भविष्य के आईसीसी आयोजनों के लिए पाकिस्तान टीम के भारत की यात्रा नहीं करने के रुख के संबंध में पीसीबी के खिलाफ हैं। अख्तर ने कहा, आपको होस्टिंग अधिकारों और रेवेन्यू के लिए भुगतान किया जा रहा है और यह ठीक है हम सभी इसे समझते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में मछुआरों की नाव से 2.3 टन कोकीन जब्त, 13 लोग गिरफ्तार

वेलिंगटन। ऑस्ट्रेलिया में पुलिस ने क्वींसलैंड तट के पास क्षतिग्रस्त हुई संदिग्धों की एक नौका पर छापा मारकर करीब 2.3 टन कोकीन जब्त की है। इस मामले में पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार भी किया है। अधिकारियों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इन मादक पदार्थों का बाजार मूल्य 76 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर था। जांच अधिकारियों ने ब्रिसबेन में पत्रकारों को बताया कि ये मादक पदार्थ किसी अज्ञात दक्षिण अमेरिकी देश से लाए गए थे।

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस कमांडर स्टीफन जे ने बताया कि कोमांचेरोस मोटरसाइकिल गिरोह द्वारा तस्करी की साजिश रचे जाने के संबंध में सूचना मिली थी। एक माह से की जा रही जांच के बाद शनिवार और रविवार को ये गिरफ्तारियां की गईं। जे ने बताया कि तस्करों ने दो बार एक नौका से ऑस्ट्रेलिया में मादक पदार्थ तस्करी का प्रयास किया, लेकिन उनकी पहली नौका क्षतिग्रस्त हो गई और शनिवार को दूसरी नौका डूब गई, जिससे संदिग्ध कई घंटों तक समुद्र में फंसे रहे। पुलिस ने मछली पकड़ने वाली नौका पर छापा मारकर मादक पदार्थ जब्त कर लिए। जे ने बताया कि मुख्य नौका अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में थी और उसे पकड़ा नहीं जा सका। जे ने बताया कि पहले भी एक टन से अधिक कोकीन जब्त की गई थी, लेकिन सप्ताहांत में जब्त की गई ये खेप ऑस्ट्रेलिया में मादक पदार्थ की अब तक की सबसे बड़ी खेप थी।

## पाकिस्तान में बम फटने से तीन बच्चों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को दर्दनाक हादसा हुआ। यहां बच्चों ने खिलौना समझकर बम उठा लिया जिसके बाद उसमें विस्फोट हो गया। बम फटने से दो सगे भाईयों समेत कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बन्नू के वजीर उपखंड के जानी खेल इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बच्चे मदरसे से घर लौट रहे थे तभी मोर्टार के शेल में विस्फोट हुआ और दो भाइयों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक, मोर्टार का शेल एक सुनसान इलाके में पड़ा था। बच्चों ने इसे खिलौना समझकर उठा लिया, जिसके बाद इसमें भीषण धमाका हुआ। पूर्व में भी कई बच्चे इस तरह से अपनी जान गंवा चुके हैं। बच्चे जिसे खिलौना समझते हैं, जांच में वो विस्फोटक उपकरण निकले। इस तरह की घटनाएं ज्यादातर उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में ही सामने आती रही हैं।

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, सोवियत सेना द्वारा 1980 के दशक में पड़ोसी अफगानिस्तान में उनके आक्रमण का विरोध करने वाले लोगों के खिलाफ हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने के लिए इस तरह के मोर्टार शेल गिराए थे। ये मोर्टार खोल देखने में च्खिलौनेज् जैसे लगते हैं। अब कई बार बच्चे इन्हीं मोर्टार शेल को %खिलौना% समझकर उठा लेते हैं, जिसमें उनकी जान चली जाती है। (भाषा)

## प्रथम पेज का शेष....

***छत्तीसगढ़ में जनता चुनेगी महापौर,....***

एक पार्षद और दूसरा नगर अध्यक्ष या महापौर के लिए। इसके साथ ही, महापौर के चुनाव को प्रत्यक्ष रूप से कराने के लिए नए नियम बनाए जाएंगे हैं। इस फैसले से जनता को अपने महापौर के चयन में पुनः अधिकार मिलेगा। 0 स्थानीय निकायों में आरक्षण- इसके अलावा, राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग और अल्संख्यक समुदाय के लिए स्थानीय निकायों में आरक्षण के नियमों में भी बदलाव किया है। त्रिस्तरीय पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनावों में अब अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण की सीमा 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक की जाएगी। 0 त्रिस्तरीय पंचायती राज के लिए ओबीसी आरक्षण में संशोधन- छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 में भी त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के लिए ओबीसी के आरक्षण और प्रतिनिधित्व संबंधी प्रावधानों में संशोधन किए जाएंगे। इस संशोधन से राज्य में चुनावी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा।

***लोगों को परेशानी नहीं होनी चाहिए...***

बीते शुक्रवार शाम में डल्लेवाल को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और 30 नवंबर को डल्लेवाल ने फिर से खनौरी बॉर्डर पर आकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसान 13 फरवरी से ही खनौरी और शंभु बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। किसानों की ये हैं मांगें- प्रदर्शनकारियों ने केंद्र पर उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया है। एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन, कृषि ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

***गांव से लौटने के बाद शिंदे ने रद की सभी बैठकें,....***

प्रवीण दरेकर ने आज दक्षिण मुंबई स्थित आजाद मैदान का दौरा किया। उसी मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। शिंदे रद की सभी बैठकें- कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सातारा स्थित अपने गांव से ठाणे वापस आ जाने के बावजूद ढाई साल से राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति की बैठक आज भी नहीं हो सकी। तेज बुखार एवं गले में संक्रमण की शिकायत होने के कारण उन्होंने आज भी अपनी सभी बैठकें रद कर दीं। इनमें महायुति के तीनों दलों के नेताओं की बैठक के अलावा उनकी अपनी पार्टी की बैठकें भी शामिल थीं।

दिल्ली रवाना हुए अजित पवार- महायुति की बैठक होती न देख राकांपा अध्यक्ष अजित पवार भी दिल्ली रवाना हो गए हैं। मगर यह स्पष्ट नहीं है कि वहां उनकी किसके साथ मुलाकात होनी है। वह पहले ही भाजपानीत सरकार को अपना पूरा समर्थन होने की बात कह चुके हैं। शिवसेना शिंदे गुट के नेताओं का भी कहना है कि सरकार के गठन में कोई अड़चन नहीं है। कार्यवाहक मुख्यमंत्री शिंदे का स्वास्थ्य ठीक होने एवं भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद तीनों दल मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश कर देंगे।

श्रीकांत ने खारिज की डिप्टी सीएम बनने की अटकलें- एकनाथ शिंदे के सांसद पुत्र श्रीकांत शिंदे ने उपमुख्यमंत्री के रूप में प्रसार माध्यमों में चल रही अपने नाम की खबरों का खंडन करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि ये खबरें बेबुनियाद हैं। मुझे मंत्री बनना होता तो मैं केंद्र सरकार में ही मंत्री बन गया होता, लेकिन मैं फिलहाल पार्टी संगठन का काम करना चाहता हूं।

***सिगरेट और तंबाकू लेने वालों को लगने ...***

तंबाकू जैसे उत्पादों के लिए बनेगा नया स्लैब- अधिकारी ने बताया कि तंबाकू और इससे संबंधित उत्पादों पर 35 प्रतिशत कर के लिए अतिरिक्त स्लैब बनाया जाएगा। 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत कर के स्लैब पहले की तरह जारी रहेंगे। जीएसटी काउंसिल में पेश करने के लिए मंत्रिसमूह ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया है। जीओएम ने अक्टूबर में कई वस्तुओं पर कर की दरों में बदलाव का प्रस्ताव दिया था। इसमें 20 लीटर या इससे ज्यादा क्षमता वाली पीने के पानी की बोतल पर कर की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत करना प्रमुख है। जीएसटी कंपनसेशन सेस वाला मंत्रिसमूह मांगेगा और समय अधिकारी ने बताया कि जीएसटी कंपनसेशन सेस को लेकर गठित मंत्रिसमूह ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए छह माह का समय और मांगने का फैसला किया। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता वाले इस मंत्रिसमूह में असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और बंगाल के सदस्य भी शामिल हैं।

***सीएम साय की बड़ी घोषणा***

और आधुनिक स्तर पर सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके, इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। 24 घंटे करेंगे गौ सेवा का काम - उन्होंने आगे कहा कि, गौ सेवा और उनकी सुरक्षा के लिए नव नियुक्त अध्यक्ष का नाम विशेष रूप से जाना जाता है। गौ सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले, सरल मृदुभाषी विशेश्वर पटेल छत्तीसगढ़ में एक सेवक का नाम है और इसी आधार पर गौ रक्षा सेवा के लिए 24 घंटे काम करने का संकल्प लिया, जिसका स्वागत उपस्थित सभी लोगों ने किया। गौ सेवा में मिशाल बनाएंगे छत्तीसगढ़ को गौ सेवा और रक्षा के क्षेत्र में मिशाल कायम करेंगे जो पूरे भारत में मिशाल बनेगा, ऐसा हमारा प्रयास होगा कि, छत्तीसगढ़ की पहचान गौ सेवा के नाम से हो।

***मंगलवार से संसद के सुचारू ...***

राज्यसभा में भी कार्य सूची के अनुसार कामकाज किया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं सभी विपक्षी सांसदों और नेताओं से एक बार फिर अपील करता हूं कि आज जो भी समझौते हुए हैं - हमें संसद को सुचारू रूप से चलाना चाहिए। कल से संसद सुचारू रूप से चलेगी - ऐसा समझौता हुआ है। मुझे उम्मीद है कि ऐसा होगा।÷

***पूर्व डिप्टी सीएम को गुरुद्वारे में ...***

सुखबीर बादल पर क्या आरोप हैं जिसने चलते सजा मिली?- सुखबीर बादल पर पहला और सबसे बड़ा आरोप है कि उन्होंने डेरा सच्चा सौदा के चीफ राम रहीम के प्रति नम्र रुख अपनाया। उन पर आरोप है कि गुरमीत राम रहीम के वेशभूषा विवाद में सजा दिलवाने के बजाय शिकायत ही वापस ले ली। अकाली दल का अध्यक्ष रहते हुए सुखबीर बादल ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर डेरा मुखी को माफी दिलवाने का काम किया। इसके चलते अकाली दल और शिरोमणि कमेटी के नेतृत्व को सिख पंथ के गुस्से और नाराजगी का सामना करना पड़ा था। अकाल तख्त साहिब ने कार्रवाई करते हुए डेरा मुखी को सिख पंथ से निष्कासित कर दिया था। इसके बाद श्री अकाल तख्त साहिब ने डेरा मुखी को माफी देने का फैसला वापस लिया।

बेअदबी की घटनाओं की सही जांच नहीं कराने का आरोप- सुखबीर सिंह बादल पर बेअदबी की घटनाओं की सही जांच नहीं करवाने का भी आरोप लगे हैं। 1 जून 2015 को कुछ तत्वों ने बुर्ज जवाहर सिंह वाला (फरीदकोट) के गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बीड चुराई थी। फिर 12 अक्टूबर 2015 को बरगाड़ी (फरीदकोट) के गुरुद्वारा साहिब से श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 110 अंग चुरा लिए और बाहर फेंक दिए थे। इससे सिखों में भारी आक्रोश फैल गया था। अकाली दल सरकार में तत्कालीन गृह मंत्री सुखबीर सिंह बादल ने इस मामले की समय रहते जांच नहीं की। वह दोषियों को सजा दिलाने में असफल रहे। इससे पंजाब में हालात बिगड़ गए। इस प्रकार के कई आरोप बादल पर लगे हैं, जिसके बाद श्री अकाल तख्त ने उनको सजा सुनाई है।

बादल की सजा पर ढींढसा ने क्या कहा? - अकाली दल के नेता परविंदर सिंह ढींढसा ने न्यूज एजेंसी से कहा कि जो हुक्म हमें श्री अकाल तख्त साहिब से मिला है, हम सिर झुका कर उसे स्वीकार करते हैं। हमें हुक्म हुआ है कि साथ काम करना है, तो हम साथ ही काम करेंगे। अपनी गलतियों से सीखने की कोशिश करेंगे। हमें मिली सजा मंजूर है।

***माफियाओं की नो एंट्री...***

बीजेपी के लोग भी जानते हैं मुख्यमंत्री का ऐसा स्वभाव नहीं। विष्णुदेव लंबे समय तक विधायक और सांसद रहे हैं। केंद्र में मंत्री भी। लेकिन, कभी भी उन पर कोई आरोप नहीं लगा। ऐसे में, छत्तीसगढ़ में काले काम करने वाले लोगों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। बीजेपी सरकार के एक साल के कार्यकाल में कुछ मंत्रियों पर जरूर गंभीर आरोप लग रहे हैं मगर वो भी बड़ा स्कैम नहीं बन पाया है क्योंकि, सरकार का उसे संरक्षण नहीं मिल रहा। मंत्री ट्रांसफर, पोस्टिंग तक सिमटे हुए हैं। सरकार के विरोधी सरकार पर स्लो काम करने का आरोप लगा रहे हैं मगर अभी तक कोई गड़बड़ी को एक्सपोज नही कर पाए हैं।

# सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था देख भड़की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा

**खैरागढ़ (दावा)। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव को सीएमओ के खिलाफ शिकायतों का पुलिंदा सौंप कारवाई की मांग करने के बाद विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने नगर में सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था देखने मैदान में उतरी। शौचालयों की बदहाल स्थिति देखकर भड़की विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने नगर पालिका परिषद के सीएमओ प्रमोद शुक्ला को लोगों के सामने जमकर खरीखोटी सुनाते हुए, कहा कि कमीशन खोरी छोडकर आम जनता के हित को लेकर कुछ काम करे।**

दीवाली के समय निकले स्वच्छता श्रृंगार के एकमुश्त दस लाख में से 3 लाख अध्यक्ष को देने और 2 लाख खुद रखने की बात को सार्वजनिक रूप से सीएमओ से पूछा और कहा कि इस स्वीकारोक्ति का विडियो उनके पास सुरक्षित है, कहे तो दिखा देती हूँ। आम जनता के सामने सवाल से निरूत्तर सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने बगले झांकते हुए लेन देन की बात को सिरे से नकारा और सिर्फ यही कहा कि आजकल वीडियो एडिट हो रहा है। इस दौरान इतवारी बाजार में शौचालय का उपयोग करने वालों ने विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा से गंदगी को लेकर शिकायत करते हुए, कहा कि साफ सफाई नहीं होती है।

मौके पर केयर टेकर फागूराम को बुलाने के बात पर सीएमओ के साथ स्वच्छता निरीक्षक पहले बहाने बाजी करने के बाद चुप हो गया। साफ सफाई और केयर टेकर होने की बात पर सीएमओ पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए मौके पर मौजूद लोगो ने कहा, कि नपा के सफाई कर्मचारी सुबह एक बार सीट की सफाई करते है। यहाँ कभी भी केयर टेकर को नहीं रखा गया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नीलांबर वर्मा, भीखमचंद छाजेड़, दीपक देवांगन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, नरेन्द्र सेन, पार्षद शत्रुघन धृतलहरे, सुमन दयाराम पटेल, सोनूराम ढीमर, रविंद्र सिंह गुड्डा, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, डॉ अरूण भारद्वाज, दिलीप लहरे, मनोहर सेन, अनुभव चंद्राकर, राधे पटेल, सूर्यकान्त यादव सहित अन्य मौजूद रहे।



शौचालयों की दुर्दशा, विधायक ने सुनाई सीएमओ को खरीखोटी

### हर महीने नही मिलता दो हजार

अमलीपारा, इतवारी बाजार, पुराने थाने के सामने, शिव मंदिर रोड के सार्वजनिक शौचालयों का भी निरीक्षण किया। बदहाली से नाराज कहा कि व्यवस्था नहीं सुधरी तो इस मुद्दे पर आंदोलन किया जाएगा। थाने के पास सार्वजनिक शौचालय मे अशोक सिंह ने बताया कि भवन बनने के बाद से आज तक वेलफेयर सोसायटी का कोई कर्मचारी साफ सफाई के लिए नहीं आया है। रोज सुबह नपा अमले के दो लोग सफाई करने आते है। केयर टेकर के रूप मे नियुक्ति को लेकर कहा कि नपा कर्मचारी द्वारा हर महीने दो हजार रूपए देने की बात हुई थी। लेकिन वह भी नियमित रूप से नहीं मिलता। दरअसल शहर में 19 सार्वजनिक शौचालय हैं, जिनके रख रखाव के लिए हर माह स्वच्छता श्रृंगार मद से 1 लाख 81 हजार रख रखाव के लिए मिलता हैं। छै महीने से राशि आबंटित नहीं हुई थी, इसकी वजह से भुगतान नहीं किया गया। लेकिन ऐन दीपावली के पहले एकमुश्त 10 लाख 93 हजार रुपए निकालकर राशि का बंदरबांट कर लिया गया। जिसमें 5 लाख सबंधित ठेकेदार को देने के बाद बाकी बचा 5 लाख 93 हजार रूपयो का दीवाली शगुन के रूप में जनप्रतिनिधि और अधिकारी ने आपस में बांट लिया। मामला भी चर्चा में तब आया जब कुछ वार्ड पार्षदों ने दस दस हजार रूपए मिलने की बात कबूली, कुछ ने तो नाराजगी जताते हुए पैसा वापस कर दिया।

### भाजपा वाशिंग मशीन, धुल गए पूर्व अध्यक्ष के दाग

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने कहा कि कमीशन खोरी का वीडियो समय आने पर सबके सामने उजागर करेंगी। राजनीतिक सुचिता की बात करने वाली भाजपा के कार्यकाल में ही सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी का आलम है। पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर उनके नेता और अधिकारी बट्टा लगा रहे हैं। कांग्रेस में रहने के दौरान शैलेंद्र वर्मा के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कहा कि यह सही है, कि उनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ है, लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व अध्यक्ष वर्मा के दाग धुल गए हैं।

> विधायक के व्दारा लगाया गया कमीशन खोरी का आरोप सरासर ग़लत विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा के द्वारा कमीशन खोरी का लगाया गया आरोप सरासर गलत है। शोभा वेलफेयर समिति के कर्मचारी शौचालयो की सुबह साफ सफाई करते है। दिनभर उपयोग के चलते गंदगी हो जाती है।
> **गिरिजा चंद्राकर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खैरागढ़।**

# स्वास्थ्य सेवा बदहाल, गुटीय राजनीति हावी, मूल काम छोड़ कर रहे राजनीति

खैरागढ़ (दावा)। सिविल अस्पताल में पदस्थ लेखापाल के खिलाफ मेडिकल बिल निकालने के नाम पर पैसे मांगने के आरोप को लेकर सिविल अस्पताल परिसर आजकल अखाड़े में तब्दील हो गया है।। मेडिकल अवकाश के नाम पर पैसे मांगने संबंधी छ.ग. प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा के शिकायत आवेदन पर जॉच चल रही है, जबकि दूसरी ओर जिलाध्यक्ष पर ही पद का दबाव बनाकर काम में लापरवाही बरतने के मामले में महीनो से शिकायत आवेदन पेंडिंग पड़ा हुआ है। बाजार अतरिया पीएचसी में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन हंसाराम वर्मा पर छ.ग. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का जिलाध्यक्ष होने के नाते अधिकारियों पर दबाव बनाने, कर्मचारियों को बेवजह परेशान करने और कार्य स्थल में जिम्मेदारियों के निर्वहन में लापरवाही बरतने का गंभीर आरोप लगाया जा रहा है। संघ की ओर से किए शिकायत आवेदन में आरोपी बनाए गए लेखापाल कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि उस पर संघ में शामिल होने और मनमाफिक काम करने दबाव बनाने की नीयत से हंसाराम वर्मा द्वारा संघ के लेटर पैड का दुरूपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आया रोहणी चंद्रवंशी से पैसे मांगने संबंधी आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि आया ने 3 जनवरी को अवकाश आवेदन देकर गई थी। जबकि



शिकायत आवेदन में 4 जनवरी से अवकाश पर जाना बताया गया है। इसलिए आवेदन का पहला बिंदु ही पूरी तरह से निराधार है। कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि सालो से डीडीओ पॉवर नहीं होने के कारण ब्लाक के सभी स्वास्थ्य केंद्रो का संचालन राजनांदगांव कार्यालय से होता है। वहीं से अवकाश की स्वीकृति मिलती है, वहीं से वेतन आहरण होता है और वहीं से कटौती, एरियर्स, निलंबन संबंधी अन्य कारवाई की जाती है।

### निजी खुन्नस निकाल रहे जिलाध्यक्ष

लेखापाल कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि मेडिकल अवकाश की स्वीकृति के लिए मेडिकल बोर्ड से 6 जून को फिटनेस सर्टिफिकेट पेश करने पर अवकाश स्वीकृति संबंधी कारवाई करने का निर्देश दिया गया था। आया रोहणी चंद्रवंशी द्वारा प्रमाण पत्र जमा करने के बाद सीएचएमओ कार्यालय से 17 सितंबर को 111 दिनों का अवकाश संबंधी आवेदन मूल दस्तावेजो के साथ कारवाई के लिए प्रेषित किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग के नियमों को दरकिनार कर जिलाध्यक्ष हंसाराम वर्मा द्वारा आया को मेडिकल अवकाश स्वीकृत कराने और राशि आहरण करने दबाव बनाया गया, लेकिन मेरे मना करने के बाद संघ के लेटर पैड में महिला कर्मचारी को सामने रखकर पैसे मांगने का निराधार आरोप लगा रहा है। लेखापाल कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि जिलाध्यक्ष के पुत्र द्वारा अस्पातल परिसर में जनौष्धि केंद्र का संचालन किया जाता था। लेकिन ब्रांडेड दवाईयों को बेचने की लगातार शिकायतों के बाद अस्पताल प्रबंधन से दुकान हटा दिया है, जिसके चलते हंसाराम वर्मा निजी खुन्नस निकालने आरोप लगा रहा है।

### विभागीय आदेश को दरकिनार कर जमे है दर्जन भर

सिविल अस्पातल परिसर मे कर्मचारियों के बीच आपसी मनमुटाव को लेकर पता चला है, कि यहॉ पदस्थ मूल कर्मचारियो का अगल अलग सीएचसी और पीएचसी मे काम करने वाले संलग्र कर्मचारियो के बीच काम और विभाग बंटवारे को लेकर घमासान मचा हुआ है। 20 मार्च 2014 और 25 अप्रैल 24 को स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग ने पत्र जारी कर संलग्र कर्मचारियो को छै महीने बाद मूल पदस्थापना वाली जगह पर वापस भेजने का आदेश जारी किया है, लेकिन वर्तमान मे सीएमएचओ मे लगभग आधा दर्जन कर्मचारी दो से तीन साल से विभागीय आदेश को धता बताकर जमे हुए है जिसके चलते मूल जगह पर कार्य प्रभावित हो रहा है।

### पद के उपयोग का आरोप सरासर ग़लत

लेखापाल द्वारा विभागीय काम काज के लिए पैसे मांगने की लगातार शिकायत मिलने के बाद जॉच की मांग की गई है। मेरे उपर पद के दुरूपयोग का आरोप सरासर गलत है। हंसाराम वर्मा जिलाध्यक्ष छ.ग. स्वास्थ्य कर्मचारी संघ।

# मशरूम के युवा उद्यमी सुधीर एवं रूपेश को मिला नवाचारी के रूप में पांच लाख का ग्रांट

राजनांदगांव (दावा)। मशरूम उत्पादन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले संस्कारधानी के दो नवाचारी युवा उद्यमियों को बीते दिनों मध्यप्रदेश के जबलपुर में पांच पांच लाख रुपये का ग्रांट दिया गया। ज्ञात हो कि जवाहर आरबीआई कोहोर्ट 5.0 के एग्री स्टार्टअप्स के साथ इन युवा उद्यमियों का एमओए हुआ है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस समारोह में संस्कारधानी के सुधीर मिश्रा एवं रुपेश चौबे को यह ग्रांट मिला। दोनों ही युवा एम.जी. मशरूम एवं गोकुल ग्रामोद्योग के नाम से कंपनी का संचालन करते हैं और अपने इस क्षेत्र में नए रोजगार के अवसर युवाओं को उपलब्ध कराते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि की आंसदी से कुलपति डॉ. पीके मिश्रा ने कहा कि आप सभी के स्टार्टअप्स अपने नये-नये आईडियाज एवं रोजगार के साधन तैयार करने हेतु दूसरों के लिये उदाहरण बन रहे हैं। कृषि क्षेत्र में भविष्य के विकास के क्षेत्र में सेकेण्डरी एग्रीकल्चर अर्थात मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग एवं प्रोसेसिंग से ग्रामीण रोजगार के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में विश्व विद्यालय प्रमुख भूमिका निभा रहा है। उक्त

**उन्नत तकनीक से मशरूम उत्पादन बना प्रमुख कारण**

आयोजन में आईएआरआई नई दिल्ली ने भी ऑनलाइन जुड़कर एग्री स्टार्टअप्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना की और स्टार्टअप्स को बधाई देते हुये कहा कि कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। साथ ही सफल उद्यमी बनने के लिये कड़ी मेहनत और लगन के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। जिसमें मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के 15 एग्री स्टार्टअप्स में महिला 4 और पुरूष एग्री स्टार्टअप्स 11 उपस्थित रहे।

उक्त आयोजन में पूरे भारत में लगभग 45 स्टार्टअप ने इसमें हिस्सा लिया जिसमें शीर्ष 17 स्टार्टअप को ही ग्रांट प्रदान किए गए, जिसमें छत्तीसगढ़ के 2 स्टार्टअप कंपनी एमजी मशरूम और गोकुल ग्रामोद्योग मुख्य रूप से सम्मिलित हैं।

# सिर्राभांठा में न्योता भोज कराया गया



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सिर्राभांठा (मुजगहन) के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लीलाधर साहू ने शासन के महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अपने पुत्र दिव्यांश साहू कक्षा 3 री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक के विद्यार्थियों को न्योता भोज कराया गया जिसमें बच्चों को समोसा जलेबी और मिठाई खिलाया गया।

# अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में नेहरू महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



वाद-विवाद में प्रथम एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्राप्त किया द्वितीय स्थान

डोंगरगढ़ (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा युवा उत्सव 2024-25 अंतर्गत आयोजित अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं का परिणाम 27 नवम्बर को जारी किया गया। जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय को गौरवांवित किया।

क्विज प्रतियोगिता में सक्षम वैष्णव (एम.एस.सी. रसायनशास्त्र), हर्षवर्धन जोशी (एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान) एवं तामेश्वरी साहू (एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार वाद-विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष में उमा पाल (एम.एस.सी. वनस्पति विज्ञान) ने प्रथम एवं रंगोली प्रतियोगिता में कु. मयूरी सिन्हा (एम.एस.सी. रसायनशास्त्र) ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवांवित किया। युवा उत्सव अंतर्गत अंतर्महाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डॉ.आर.आर.कोचे, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष सोनाली लोया, वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष अविनाश सिंह एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों सहित महाविद्यालय परिवार ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पीएम आवास 2.0 में साय सरकार जनता से कर रहे छलाव - आशीष सोनकर

**राजनांदगांव (दावा)। पीएम आवास योजना में हो रही दिक्कत को लेकर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव आशीष सोनकर ने प्रदेश की भाजपा साय सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 मात्र छलाव है। भाजपा सरकार पीएम आवास योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार जरूर कर रहे है, जो मात्र खोखली दिखवावा है।**



प्रदेश की भाजपा सरकार दोहरी नीति अपनाते हुए दो नई शर्ते जोड़कर पहले से नगर निगम में जमा कई गरीबों के आवास के सपना देखने वालों के आवेदनों को रिजेक्ट कर परेशान करने वाली बात है।

वहीं अब पीएम आवास के लिए आय-जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया है, जबकि जाति बनाने के लिए पुराने रिकार्ड की जरूरत पड़ती है, इस कारण लोग अब भटकने को मजबूर हो रहे हैं, अपने मकान का सपना देखने वाले निराश हो रहे हैं। श्री सोनकर ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपाई नेता मोदी की गारंटी पर पीएम आवास योजना का लाभ सभी गरीबों को मिलेगा करके व्यापक प्रचार-प्रसार किया और सत्ता में आते ही भूल गए, जो अब एक साल तक साय सरकार कुंभकरणी नींद से जागे है, क्योंकि अब नगरीय निकाय चुनाव सामने है तो फिर प्रदेश की भोली-भाली जनता को लुभाने व वोट बैंक की राजनीति शुरू कर रहे है, जनता सब देख रही है और आने वाले चुनाव में जनता इसका कड़ा जवाब भी देगी।

# बाल मेला में पहुंचे विधायक, बच्चों द्वारा बनाये व्यंजनों का लुफ्त उठाया



राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला पथर्री (पांगरीखुर्द) विकासखण्ड छुरिया में बाल-मेला कार्यक्रम में विधायक भोलाराम साहू, मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। छोटे-छोटे स्कूली बच्चों द्वारा सास्कृतिक कार्यक्रम से सभी जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। श्री साहू ने बच्चों को उनके कला के लिए सम्मानित कर बच्चों का उत्साह वर्धन किए। विधायक ने बच्चों द्वारा आयोजित बाल-मेला के प्रत्येक स्टॉल जाकर बच्चों के हाथो सामाग्री खरीदकर बच्चों का उत्साह वर्धन किए। साहू ने बालमेला आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस दौरान श्रीमती अंजलि धावडे सरपंच, कौशलराम वर्मा ग्राम प्रमुख हरीश कुमार सोनी प्राचार्य साल्हे, देवारुराम मालेकर जनपद सदस्य, तकेश्वर देवांगन, गुहराम देवांगन, नारायण लाल साहू, रामगुलाल धावड़े, कन्हैयालाल, पन्ना लाल, राजकुमार ठाकुर प्रधान पाठक, भगवानीराम कन्नौजे शिक्षक, उद्दल राम साहू, राजकुमार बोरकर, मनोहर दास साहू, रतनलाल देवांगन, चुन्नू लाल बोरकर, यादराम नेताम, श्रीमती रुक्मणी वर्मा, श्रीमती कांति देवांगन, पारख दास साहू, स्कूली बच्चों सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राजीव दीक्षित जयंती एवं पुण्य तिथि पर स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी संपन्न

**राजनांदगांव (दावा)। स्वदेशी के प्रणेता राजीव भाई दीक्षित की जयंती एवं पुण्यतिथि पर गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान राजनांदगांव द्वारा मां पंचगव्य चिकित्सा केन्द्र महामाया चौक बसंतपुर में स्वदेशी चिंतन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में राजीव भाई दीक्षित द्वारा देश व समाज के हित में स्वदेशी व गौरक्षा के लिए किए गए कार्यों को स्मरण किया गया।**



गौ संस्कृति अनुसंधान संस्थान के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि राजीव भाई भले ही हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके विचार आज भी जीवित है। राजीव भाई ने जो स्वदेशी का बीज बोया था, वह आज वटवृक्ष बन गया है और पूरे देश में स्वदेशी के विभिन्न क्षेत्रों में युवा कार्य कर रहे है। संस्थान के संयोजक आर्य प्रमोद कश्यप ने कहा कि राजीव भाई के विचारों पर चलना एक क्रांतिकारी कार्य है। जिसमें व्यक्ति चलते ही जाता है और अपना पूरा जीवन समर्पित कर देता है।

गव्यसिद्धाचार्य डॉ. मुकेश स्वर्णकार ने राजीव भाई के द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि जब भारत में गुरूकुल व्यवस्था थी, तो भारत विश्वगुरू था। भारत को पुनः विश्वगुरू बनाने के लिए वैदिक गुरूकुलों की आवश्यकता है। गव्यसिद्ध डॉ. डिलेश्वर साहू ने कहा कि स्वदेशी एक शब्द नहीं है, इसमें गौसेवा, गुरूकुल, अर्थव्यवस्था, आयुर्वेद सहित विभिन्न विषय समाहित है।

उन्होंने पंचगव्य चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकरी दी। संगोष्ठी में संस्थान के सदस्य हार्दिक कोटक, पुरूषोत्तम देवांगन, प्रज्ञानंद मौर्य, किशोर साहू, टीकम पटेल सहित आर्य हिमाशुं, आर्य अतुल, धर्मराज यादव, आर्य तुषार, संतोष साहू, किशोर महेश्वरी, धर्मेन्द्र साहू, गव्यसिद्ध उपेन्द्र साहू व ज्ञानचंद साहू, मोनिका साहू, त्रिलोकी साहू, मनोज शुक्ला, आयान एवं आराध्या सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

### दुर्गावती के जीवन से दूर हुआ तंगहाली का छाया

मोहला (दावा)। महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने पर मानपुर के दुर्गावती के जीवन में खुशहाली ने दस्तक दी है। उनके जीवन से अब तंगहाली का छाया दूर हो गया है। योजना का लाभ मिलने पर उन्होंने बताया कि पहले की तुलना में अब उसके जीवन में अधिक खुशी का रास्ता निकाल कर आया है। उन्होंने बताया कि योजना से मिली राशि से वह अब अपने घर के जरूरत की चीजों की पूर्ति कर रही है। श्रीमती दुर्गाबाई ने बताया कि वह अपने गांव में ही रहकर खेती किसानी का काम करती है। उनका पति भी खेती मजदूरी का काम करता है। घर की जरूरत की चीजों की पूर्ति उनके द्वारा की गई मजदूरी से हो पाती थी। योजना ने उनके लिए एक बड़ा वरदान जैसा साबित हुआ है। योजना का लाभ मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति अपनी आभार प्रदर्शन किया है।

# किसानों को फसलों को कीटों से बचाव के संबंध में दी गई जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र राजनांदगांव में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रमुख श्रीमती गुंजन झा ने किसानों को तिलहन फसलों में सल्फर के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने फसलों को कीटों से बचाव के लिए नीम तेल के उपयोग, उर्वरक प्रबंधन, उद्यानिकी फसलों से सम्बंधित समस्याओं का निराकरण एवं जैविक कृषि के बारे में बताया। नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय प्रबंधक एस के भगत द्वारा पीएसबी कल्चर के बारे में और फसलों में संतुलित खाद उपयोग करने की जानकारी दी।



मृदा वैज्ञानिक श्रीमती अंजलि घृतलहरे ने किसानों को प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले अवयव बनाने की विधि के बारे में बताया। डॉ. नूतन रामटेके ने पशुओं में होने वाले लंपी स्कीन रोग के निदान के बारे में जानकारी दी। डॉ. अतुल डांगे ने प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्यमन (पीएफएमई), कृषि यंत्रों का परिचालन एवं रख-रखाव के बारे में बताया।

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के जिला प्रभारी सत्यजीत मोहंती द्वारा बेंटोनाइट सल्फर पैकेट एवं बायो फर्टिलाईजर का निःशुल्क वितरण कर उपस्थित कृषकों का आभार व्यक्त किया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com